संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन


RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -32 रविवार ,03 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये



# किसके सर होगा ताज...आज होगा फैसला

## मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,तेलंगाना एवं राजस्थान मे मतगणना

### चारों राज्यों की जनता कर रही थी 3 दिसम्बर का इंतजार,अब इंतजार हुआ खत्म






» मध्यप्रदेश,राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में खुलेगा सरकार बनाने के लिए किस्मत का ताला

**नई दिल्ली,02 दिसंबर 2023 (ए)।** मध्यप्रदेश, राजस्थान, तलंगाना और छत्तीसगढ़ की जनता ने अपना मत ईवीएम में डाल दिया है। जिसका परिणाम आज आएगा। यानी आज इन चारों राज्यों के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इस बीच देखने वाली बात होगी कि इन चार राज्यों में कांग्रेस कितने राज्य पर कब्जा कर पाती है और भाजपा की झोली में कितने राज्य आते हैं।

इन राज्यों में चुनावी कार्यक्रम 7 नवंबर से शुरू हुआ और 30 नवंबर को तेलंगाना में आखरी मतदान हुआ।सबसे पहले मिजोरम की 40 सीट और छत्तीसगढ़ की 20 सीटों के लिए पहले चरण का चुनाव 7 नवंबर को हुआ। इसके बाद 17 नवंबर को मध्य प्रदेश की 230 सीटों पर और छत्तीसगढ़ की शेष 70 सीटों में दूसरे चरण की वोटिंग हुई। फिर 25 नवंबर को राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ और सबसे आखिरी में तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर को वोट डाले गए। अब आज इन राज्यों के परिणाम पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

### मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश की 16 वीं विधानसभा के गठन के लिए आज मतगणना होगी. जिला मुख्यालयों में बने स्ट्रांग रूम से सबसे पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे अभ्यर्थी, अभिकर्ता, प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी की मौजूदगी में ईवीएम को निकाला जायेगा, फिर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रवार कक्षों में सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में डाले गये वोटों की गिनती शुरु होगी। जिसमें 2,533 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है.

### राजस्थान

राजस्थान में सबसे पहले होगी पोस्टल वोटिंग की गिनती होगी। पोस्टल बैलेट की काउंटिंग सुबह 8 बजे होगी और ईवीएम की सुबह 8:30 बजे शुरू की जाएगी। राजस्थान में शनिवार को 200 में से 199 विधानसभा क्षेत्रों के 51000 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। राजस्थान में इस बार कुल 74.62 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें 74.53 प्रतिशत पुरुषों ने और 74.72 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया. यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला है।

### तेलंगाना

तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को 71.34 प्रतिशत मतदान हुआ। मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 91.89 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं याकूतपुरा में 39.64 प्रतिशत के साथ सबसे कम मतदान हुआ। यहां कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं में से 71.34 प्रतिशत मतदाताओं अपने मताधिकार का प्रयोग किया. यहां बीआरएस ने सभी 119 सीटों पर उम्मीदवार उतारे। वहीं भाजपा ने 111 और जनसेना ने 8 सीटों पर चुनाव लड़ा है। वहीं कांग्रेस ने अपनी सहयोगी पार्टी सीपीआई को 1 सीट दी और कांग्रेस ने 118 सीटों पर उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। इसके अलावा असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने 9 सीटों पर चुनाव लड़ा है।

### छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में छठवें विधानसभा के गठन के लिए मतगणना आज होनी है। मतगणना के लिए 90 विधानसभा क्षेत्र में 90 रिटर्निंग अधिकारी, 416 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 4596 गणनाकर्मी और 1698 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 90 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। डाक मत पत्रों की गिनती के 30 मिनट बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गिनती प्रारंभ होगी। जिसके बाद कुल 1181 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।


## भरोसा बरकरार फिर कांग्रेस की सरकारः दीपक बैज

### आने वाले 10 साल तक भाजपा का कमल नहीं खिलेगा



मतगणना की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भरोसा बरकरार फिर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही हैं। आने वाले 10 साल तक प्रदेश में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा। 2023 में छत्तीसगढ़ प्रदेश और 2024 में देश में कांग्रेस की बड़ी जीत होगी। केंद्र से भाजपा की विदाई करने जनता तैयार है। मतदान के पश्चात मिले जनता के रुझान, एग्जिट पोल के रिपोर्ट और कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक से स्पष्ट हो गया है कि जनता ने कांग्रेस सरकार के कामों पर भरोसा किया है कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया है।

## कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की बाड़बंदी करके अपने डर का प्रदर्शन कर रही:साव



रायपुर, 02 दिसंबर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा है कि चुनाव नतीजों के आने से पहले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उससे साफ हो चला है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ का विधानसभा चुनाव बुरी तरह हार रही है और भूपेश सरकार को अपने शासनकाल के कर्मों की सजा का डर सता रहा है। श्री साव ने करारा कटाक्ष करते हुए कहा कि 75 पार का दावा करने वाले कांग्रेसियों को अब अपने उम्मीदवारों की बाड़बंदी की मशक्कत करनी पड़ रही है, यह तथ्य कांग्रेस की हार के डर का सत्य है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि पाँच साल तक भरोसे का ढोल पीटते रहने के बाद मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस नेताओं को अपने उम्मीदवारों पर जरा भी भरोसा नहीं रह गया है और वे चुनाव नतीजे आने से पहले ही बाड़बंदी के पुख्ता इंतजाम में दिन-रात बेचैन हो रहे हैं।

### भ्रष्टाचार मामले को लेकर एसीडी ने की बड़ी कार्रवाई

# 20 लाख की रिश्वत लेते ईडी अधिकारी गिरफ्तार

**चेन्नई ,02 दिसंबर 2023 (ए)।** तमिलनाडु सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय के अधिकारियों ने राज्य सरकार के एक कर्मचारी से 20 लाख रुपये की उगाही करने के आरोप में केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया और मदुरै में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

डीवीएसी अधिकारियों ने एक सरकारी डॉक्टर से रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया, जो आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपी हैं।



अधिकारियों ने उनकी कार से 20 लाख रुपये नकद जब्त किए, जो उन्हें कथित तौर पर रिश्वत के रूप में मिले थे। इसके बाद ईडी अधिकारी को पूछताछ के लिए डिंडीगुल स्थित वीएंडएसी कार्यालय ले जाया गया। बाद में उन्होंने शुक्रवार देर रात ईडी के मदुरै कार्यालय और उनके आवास पर तलाशी ली और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए और बाद में अधिकारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तमिलनाडु में यह पहली बार है कि ईडी के किसी अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है।

# लालू यादव मानहानि केस में बरी

» फैसला आने से पहले कोर्ट से निकल चुके थे... राजद सुप्रीमो

**पटना ,02 दिसंबर 2023 (ए)।** मानहानिकारक वक्तव्य देने के एक मामले में पटना के एमपी/एमएलए अदालत की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया की अदालत ने शनिवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। शनिवार की प्रथम पाली में लालू प्रसाद यादव विशेष कोर्ट में सदेह उपस्थित थे परंतु बीमारी के कारण फैसला सुनाने से पहले ही वो चले गए । दूसरी पाली में उनके अधिवक्ता सुधीर सिन्हा व एजाज अहमद के अनुरोध पर विशेष अदालत ने अधिवक्तओं की उपस्थिति में यह निर्णय सुनाया।



यह मामला परिवादी उदय कांत मिश्रा द्वारा वर्ष 2017 में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ परिवाद पत्र संख्या 45 30 (सी )/2017 अदालत में दायर किया गया था।

# मेरिटोरियस स्कूल ने परोसा दूषित खाना

### 40 बच्चों को तबीयत बिगड़ी,मचा हड़कंप

**संगरूर,02 दिसंबर 2023 (ए)।** संगरूर के नजदीकी सरकारी मेरिटोरियस स्कूल में दूषित भोजन खाने से 40 बच्चे बीमार हो गए है। बीमार बच्चों का इलाज सिविल अस्पताल संगरूर में किया जा रहा है। अस्पताल में उपचाराधीन बच्चों ने स्कूल में मिल रहे भोजन को घटिया होने की बात कही। दरअसल, सरकारी मेरिटोरियस स्कूल में दूषित भोजन खाने से शुक्रवार देर रात 18 बच्चों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसमें से 14 बच्चों को प्राथमिकी इलाज कर छुट्टी दे दी गई, जबकि 4 बच्चों की हालत गंभीर होने की वजह से भर्ती कर लिया है। शनिवार सुबह स्कूल से 20 बच्चों को भर्ती करवाया गया। भर्ती बच्चों के मुंह से झाग, पेट में दर्द व उल्टियां होने की शिकायत सामने आई है। अस्पताल में भर्ती बच्चों ने कहा कि उन्हें दीपावली के बाद से ही घटिया सामग्री वाला खाना खिलाया जा रहा है। इस संबंधी प्रबंधकों को शिकायत भी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



बच्चों ने कहा कि शुक्रवार रात के भोजन में कीड़े चलते दिखाई दे रहे थे, लेकिन मैस के ठेकेदार ने कीडों वाला ही खाना ही परोस दिया। अभिभावकों ने कहा कि कई बार खाने को लेकर बच्चों से आई शिकायत के आधार पर प्रबंधकों को बताया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के चलते उनके बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। अभिभावकों ने मामले की जांच कर घटिया सामग्री परोसने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# आप नेता संजय सिंह के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट की दाखिल

**नई दिल्ली,02 दिसंबर 2023 (ए)।** उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर की। संजय को अक्टूबर 2023 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। तब से ही वे तिहाड़ जेल में हैं।



24 नवंबर संजय सिंह को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उनकी हिरासत एक बार फिर बढ़ा दी थी। कोर्ट ने चार दिसंबर तक की हिरासत बढ़ा दी थी। इससे पहले संजय सिंह को कोर्ट ने 10 नवंबर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। संजय सिंह ने जमानत के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में याचिका दायर की थी, लेकिन अभी तक उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली है।

ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफ आई आर से संबंधित है। सीबीआई और ईडी के अनुसार, अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गई और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। यह आरोप लगाया गया है कि संजय सिंह ने नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने मौद्रिक कारणों से कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाया। गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत ने सिंह को ईडी की हिरासत में भेज दिया।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती मामलाः कोर्ट ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

» दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितता का है मामला

» आप विधायक पर नियमों का उल्लंघन कर 32 लोगों को नियुक्त करने का आरोप

**नई दिल्ली,02 दिसंबर 2023 (ए)।** दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में गिरफ्तार तीन व्यक्तियों की न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान भी आरोपी हैं।




प्रवर्तन निदेशालय ने एक आवेदन में दावा किया कि मामले की जांच जारी है, जिसके बाद विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने आरोपियों जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी की न्यायिक हिरासत उनकी पहले दी गई 14 दिन की जेल की अवधि समाप्त होने पर 15 दिसंबर तक बढ़ा दी।

आरोपी की ओर से पेश होते हुए, वकील नितेश राणा ने तर्क दिया कि रिमांड आवेदन पूरी तरह से यांत्रिक है और इसमें हिरासत बढ़ाने के लिए कोई सामग्री नहीं है। राणा ने कहा, आरोपी को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।÷ दूसरी ओर, केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि जांच जारी है। हैदर के वकील नितेश राणा ने दलील दी कि वह पहले ही चार बार जांच में शामिल हो चुके हैं और ईडी ने आरोपी को अवैध तरीके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा था कि आरोपी व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए ईडी के पास पर्याप्त सामग्री उपलब्ध नहीं है। तर्क दिया गया कि गोलमोल जवाब देना और असहयोग उन्हें गिरफ्तार करने का आधार नहीं हो सकता। राणा ने दावा किया था कि ईडी ने उनके मुवक्किलों को कानून द्वारा निर्धारित 24 घंटे की सीमा से अधिक, लगभग 30 घंटे की हिरासत के बाद पेश किया और मेरे मुवक्किल ने अपराध की आय से कोई निपटारा नहीं किया है। इस मामले में यह आरोप शामिल है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया।

# भारतीय नौसेना में पहली बार महिला कमांडिंग ऑफिसर संभालेगी आईएनएस ट्रिंकनेट की कमान



**नई दिल्ली,02 दिसंबर 2023 (ए)।** नौसेना दिवस से पहले भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा है कि नौसेना में महिलाओं की भूमिका तेजी बढ़ रही है। महिलाओं की सभी भूमिकाओं-सभी रैंक के आधार पर नियुक्तियां की जा रही हैं। महिला अग्निवीरों की संख्या एक हजार से अधिक हो गई है।

एडमिरल कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना तीनों सेनाओं की एकजुटता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हाल ही नौसैनिक जहाज पर पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर नियुक्त की गई। उन्होंने कहा कि हमारी इकाइयां हिंद महासागर क्षेत्र व उससे परे राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तैनात हैं। इस दौरान एडमिरल कुमार ने 10 क्षेत्रीय भाषाओं में नौसेना इतिहास की पुस्तकों का विमोचन किया। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन, मालदीव और पाकिस्तान की गतिविधियों पर एडमिरल कुमार ने कहा कि महासागरों को साझा विरासत माना जाता है। महासागरों का उपयोग किसी भी राष्ट्र की वैध आर्थिक गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। हम हिंद महासागर में स्थानीय नैसैनिक शक्ति के रूप में नजर रख सकते हैं कि वहां क्या हो रहा है। हम जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों को तैनात करते हैं। उन्होंने कहा कि नौसेना भविष्य में होने वाले किसी भी युद्ध के लिए तैयार है।

# महिला कांस्टेबल मजिस्ट्रेट पर भड़की

» मजिस्ट्रेट के पानी मांगते ही आग-बबूला हो गई महिला सिपाही

» सोशल मीडिया पर बिहार पुलिस की एक महिला सिपाही का वीडियो वायरल

**पटना,02 दिसंबर 2023 (ए)।**पिछले दो दिनों से बिहार पुलिस की एक महिला कांस्टेबल का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल मामला पानी को लेकर हो गया। मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात एक महिला कांस्टेबल को पानी मांग लिया। तो महिला कांस्टेबल भड़क गई।जवाब में महिला कांस्टेबल ने कहा, 'हम सरकार के नौकर हैं, सरकार का काम करेंगे लेकिन किसी के पर्सनल नौकर नहीं है जो उनका काम करेंगे। साथ ही महिला कांस्टेबल इस बात से भी नाराज दिखी कि मजिस्ट्रेट ने नाश्ता कर लिया और सिपाही भूखे-प्यासे ड्यूटी करते रहे।



ड्यूटी में तैनात महिला कांस्टेबल वायरल वीडियो में आगे कह रही हैं, 'साहब ने नाश्ता पानी कर लिया लेकिन साथ वालों को भूल गए! हालांकि महिला कांस्टेबल के पानी लाकर देने से मना करने के बाद अन्य सिपाहियों ने भी उसके फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि चार दिन से ड्यूटी कर रहा हूं, यहां पानी की व्यवस्था नहीं थी, मैं चार बोतल घर से लेकर आता था और खुद पीने के बाद इन लोगों को पानी पिलाता था। मजिस्ट्रेट ने कहा कि वो इसकी शिकायत महिला कांस्टेबल के डीएसपी से करेंगे। हालांकि यह सामने नहीं आ पाया कि यह वीडियो बिहार के किस जिले का है।

CMYK

# दुनियाँ की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस त्रासदी के हुए 39 साल

**» आज भी उस जहरीली भयंकर रात और डरावना दिन को याद करके सिहर जाते है लोग !**



श्याम कुमार कोलारे
भोपाल
(मध्यप्रदेश)

दुनिया की सबसे बड़ा व भयानक ओद्धौगिक त्रासदी जिसने चंद घंटों में ही हजारो लोगो की जान लील दिया था, कहने को तो आज इस घटना के 39 वर्ष हो हो चुके है परन्तु इस भयानक मंजर को याद करें तो आज भी सभी का दिल दहल जाता है द्य 2-3 दिसम्बर 1984 की रात लोगों के लिए एक मौत का मंजर लेकर आया था उस रात हवा में मौत बह रही है जो उस हवा के संपर्क में आये मौत उसे पल में आपने आगोश में लेने को आतुर थी । आज भी वह खौफनाक रात को याद कर सिहर जाते है लोग ! जी हाँ मैं उस त्रासदी के बारे में ही बताने जा रहा हूँ दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी के रूप में इतिहास के पन्नो में दफन है । इस मंजर को याद करने से लगता है जैसे उस रात मौत का कहर लोगो को ग्रास बनाने के लिए लोगो के पीछे दौड़ रहा था । किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें, कहाँ जाए किससे सहायता मांगें। बस लोग अपनी जान बचाने के लिए दौड़े जा रहे थे और जहरीली गैस की चपेट में आकर अपना दम तोड़ते जा रहे थे । उस काली रात ने लोगो के जीवन की साँसे छीन ली थी,




जिधर देखो उधर लाशो का ढ़ेर नजर आ रहा था । पशु-पक्षी, मनुष्य सब के सब लाशो के ढेर के रूप में दिखाई दे रहे थे । ऐसा लग रहा था जैसे यहाँ मौत का तांडव चल रहा हो। उस रात जहरीली हवा के संपर्क में आने वाला कोई भी इस कहर से अछूता न रह पाया । सब के सब किसी न किसी प्रकार से उसके प्रभाव में आये हुए थे । मौत के इस हवा ने यूनियन कार्बाइड नामक फैक्ट्री के पास की झुग्गी-बस्ती को सबसे पहले अपना शिकार बनाई, यहाँ काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोग तो नींद में ही मौत का ग्रास बन गये । जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया। कोई इस तरह के मंजर से डरकर ही अपनी जगह से उठ नहीं पाए, कोई भी इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है? उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टैंड में लोगो का ढेर लगा हुआ था । किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था की क्या करें। इस गैस त्रासदी को 39 साल हो चुके हैं, आइये जानते है क्या हुआ उस भयंकर काली रात को जिसने हजारों लोगों को पल में मौत का ग्रास बना डाला । भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 यानी आज से 39 साल पहले दर्दनाक हादसा हुआ था । इतिहास में यह ÷भोपाल गैस कांड÷ या ÷भोपाल गैस त्रासदी÷ के नाम से दफन है है, भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना मानी जाती है । 2-3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल स्थित कीटनाशक बनाने वाली ÷यूनियन कार्बाइड नामक÷ कंपनी के कारखाने से एक जहरीली गैस ÷मिथाइल आइसोसायनाइड÷ का रिसाव हुआ, दरअसल यहां पर प्लांट को ठंडा रखने के लिए मिथाइल आइसोसायनाइड नाम की गैस को पानी के साथ मिलाया जाता था लेकिन उस रात इसके कॉन्बिनेशन में गड़बड़ी हो गई और पानी लीक होकर टैंक में पहुंच गया। इसके बर्फ प्लांट के 610 नंबर टैंक में तापमान के साथ प्रेशर बढ़ गया। इसके बाद गैस रिसाव तेजी से होने लगा। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए और जहरीले के पूरे भोपाल शहर में फैल गई। यह गैस हवा के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में फैल रही थी। इसके बाद भोपाल में लाशों के ढेर लग गए । अस्पतालों पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई। द्य बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है?

एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जिससे लगभग 15,000 लोगों की जान गई और कई लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए, जो आज भी त्रासदी की मार झेल रहे हैं । सरकारी आंकड़ों के अनुसार भोपाल गैस त्रासदी में कुल 3787 मौतें हुई थीं। लेकिन गैस कांड के अगले तीन-चार दिन में हुए अंतिम संस्कारों के आंकड़े कुछ और ही कहानी कहते नजर आते हैं। गैस कांड के बाद वन विभाग के डिपो से दाह संस्कारों के लिए इतनी लकडियां गई थीं जिनसे पांच हजार से अधिक अंतिम संस्कार कर दिए जाएं। यह संख्या तो केवल दाह संस्कारों की है, इसके अतिरिक्त अन्य तरीकों से हुए शवों के अंतिम संस्कारों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा सरकारी आंकड़ों से दोगुने से कहीं ज्यादा नजर आता है । इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का सीईओ था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था।

गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 39 साल बाद भी भरे नहीं हैं। इस फाइल को भी किसी रद्दी कागजों की फाइल में किसी कोने में दफना दिया गया होगा । किन्तु आज भी उस हादसे के प्रभाव में आये लोग जो किसी तरह बच गए थे आज भी पथराई आँखों से न्याय का इंतजार कर रहे है और इस प्रकार का हादसा भविष्य में कभी न हो, इसका उचित प्रबंध किया जाये एवं गैर जिम्मेदारों पर शिकंजा कसा जाये। बेशक यह एक बहुत बड़ा औद्योगिक हादसा था, लेकिन जिस तरह का वायु प्रदूषण और उसके भीषण प्रभाव उसने भोपाल के पर्यावरण पर छोड़ा । यह गैस भोपाल के तालाबों के पानी और वहां की हवा में लंबे समय तक मिली रही और आज 39 साल बाद भी इसका असर दिखाई देता है । उस हादसे में बचे लोगों की सेहत पर ऐसे असर हुए और उन्हें कैंसर और अन्य तरह की ऐसी बीमारियां हुई जिसकी वजह से उनका इलाज मरते दम तक चला और आज बचे लोगों का इलाज आज भी चल रहा है ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## संपादकीय

# भेदभाव का नायाब नमूना

नोएडा में लड़कियां अब आठ बजे शाम के बाद क्लास ज्वाइन नहीं कर पा रही हैं। ऐसी रोक लगाते हुए इसे ध्यान में नहीं रखा गया है कि अनगिनत लड़कियां आर्थिक उपार्जन के लिए दिन भर कहीं काम करने के बाद शाम को क्लास ज्वाइन करती हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगे उत्तर प्रदेश के नोएडा पुलिस ने अपनी सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लड़कियों/महिलाओं के खिलाफ भेदभाव भरा कदम उठाया है। यह पुलिस का अपने दायित्व से मुकरना भी है और महिलाओं को घर के दायरे में धकेलने की उसकी सोच को भी जाहिर करता है। इस परियोजना के तहत कोचिंग एवं अन्य संस्थानों में शाम आठ बजे के बाद लड़कियों के लिए क्लास चलाने पर रोक लगा दी गई है। लेकिन ऐसी कोई रोक लड़कों पर लागू नहीं होगी। पुलिस की यह सोच घोर आपत्तिजनक है कि लड़कियों के सड़कों पर घूमने-फिरने से शहर की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। इस सोच में यह निहित है कि अगर लड़कियां घूमती-फिरती हैं तो यह पुरुष अपराधियों को जुर्म करने के लिए न्योता देने जैसा है। यह इस बात की स्वीकारोक्ति भी है कि ऐसे अपराधियों पर लगाम लगाने में नोएडा पुलिस अपने को अक्षम मानती है। वह यह बात नहीं मानती कि सबको हर जगह सुरक्षित महसूस कराना उसका कर्त्तव्य है। पुलिस ने ऐसा निर्णय लेते वक्त इस हकीकत को ध्यान में नहीं रखा कि अनगिनत लड़कियां आर्थिक उपार्जन के लिए दिन भर कहीं काम करती हैं और करियर में आगे बढ़ने के लिए शाम की क्लास ज्वाइन करती हैं।

बेशक राष्ट्रीय राजधानी के आसपास गुजरे वर्षों में महिलाओं के खिलाफ गंभीरतम अपराध हुए हैं। इससे महिलाएं अपने को खौफजदा महसूस करती हैं। साथ ही इसका दुनिया में भारत की बदनामी हुई है। देश को महिलाओं के लिए आम तौर पर वहां असुरक्षित समझा जाता है। लेकिन इस समस्या का समाधान कानून-व्यवस्था का तंत्र दुरुस्त करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता लाना है। इसके बजाय महिलाओं को घर में सिमट जाने की सलाह देना कुछ वैसा ही है, जैसे अगर किसी के घर चोरी होती है, तो उससे पूछा जाए कि उसने धन रखा ही क्यों था। इसलिए बेहतर होगा कि नोएडा पुलिस अपना यह फरमान तुरंत वापस ले। वरना आशंका यह है कि दूसरे शहरों की पुलिस भी इससे सीख लेने लगेगी और महिला स्वतंत्रता की बलि चढ़ जाएगी। ऐसी सोच का पुरजोर विरोध किए जाने की जरूरत है।

## यक्ष प्रश्न कलयुग का


हे धर्म राज यह
भारत पूछ रहा आपसे यक्ष
प्रश्न संभव हो तो हल कर दो
यह भारत के यक्ष प्रश्न ।।
चार भाई के जीवन खातिर आपने
हल किए सारे यक्ष प्रश्न
आज इस कलयुग में क्यों नहीं
हाल कर रहे यह यक्ष प्रश्न ।।
माना भीम अर्जुन सा ना अब
इस युग में है कोई बलवान
पर आप तो समदर्शी हैं इसका
कहाँ आपको अभिमान ।।
उस युग में तो केवल
चार जान थे संकट में
लेकिन आज तो
पूरा भारत हीं है संकट में ।।
वहाँ तो केवल एक शकुनी
जो गंदी चाले चलता था
यहाँ तो हर गली में शकुनि
जो गंदी चाले चलता है ।।
वहाँ तो केवल एक दुर्योधन
जिसको था सत्ता का भूख
यहाँ तो हर घरचौराहे पर दुर्योधन
खोज रहा सत्ता का सुख ।।
एक धृतराष्ट्र मौन साधकर
बुलाया कई संकट को
यहाँ तो धृतराष्ट्र का फौज खड़ा
बुला रहा संकटों को ।।
एक शकुनी कंधार से आकर
हस्तिनापुर मिटाने का रखा था दम
आज ना जाने कितने शकुनी भारत
को मिटाने का करते जतन ।।
उन दुष्टों को तो झेल गए
आप अपने दृढ़ विचारों से
अब इस भारत को कौन
बचाए ऐसे कु विचारों से ।।
दुर्योधन संग एक दुशासन
चीर हरण को था बेताब।
आज ना जाने कितने दुशासन
चीरहरण को है तैयार ।।
उस युग में तो श्रीकृष्ण थे
स्वयं विष्णु के अवतार
आज इस कलयुग में
पूरा भारत हीं है निराधार ।।
सत्ता पाने के मद में सब के सब
बन बैठे धृतराष्ट्र।
भारत माता की गरिमा को
कर रहे हैं तार-तार ।।
सेना की गरिमा को यह
धूल धूसरीत करते हैं।
अपने खादी के काले छीटें
को भारत माँ पर मढते हैं ।।
अगर उन्हें मौका मिले तो बोटी
बोटी नोच कर खाएंगे ।
ऊपर से राक्षसी अट्टाहस कर
हम आम जनता को डराएंगे ।।
जब आपने स्थापित किया खुशहाल
शासन आपको भी ना
इसका होगा एहसास।
एक दिन इस भरतपुर का
होगा ऐसा खस्ताहाल ।।
अब जनता त्रस्त हो चुका
ऐसा यक्ष प्रश्न झेल कर
बस आपसे यही निवेदन आम
जनता को शांति देदो
यक्ष प्रश्न हल कर ।।
यह ना कर सकते तो
आपको पुनः धरा पर आना होगा।
संग अपने परीक्षित को लाकर पुनः
एक कुशल शासक
छोड़कर जाना होगा ।।3



कमलेश झा
भागलपुर
बिहार

## जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी

ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी
कभी हंसाती कभी रुलाती है जिंदगी
चरित्र के चादर मे
रंग लगाती है जिंदगी
ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी
कभी तो अपनों का अपनेपन से ही
कभी तो जीवन के झूठे सपनों से ही
निज से साक्षात्कार कराती है जिंदगी
ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी
समय की पल-पल पड़ती मार से ही
प्रवाहित नदी की अविरल धार से ही
समयानुकूल
जीना सिखाती है जिंदगी
ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी
समय-समय का अब क्या मोल होगा
जीवन जाने कैसे अब अनमोल होगा
हर समय की
कीमत बताती है जिंदगी
ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी
जीवन के सुर,ताल,लय और छंद का
प्रतिपल बदलती इसकी हर बंध का
सरगम सा जीवन बतलाती है जिंदगी
ना जाने कितने रंग दिखाती है जिंदगी



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़.


समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# दिव्यांगों का भी हो समुचित विकास



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसीलिए हर साल 3 दिसंबर के दिन विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं।



यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। दुनिया में 8 प्रतिशत लोग दिव्यांगता का शिकार है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.21 प्रतिशत आबादी यानि 2.68 करोड़ लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से ग्रस्त है। दिव्यांग जनसंख्या में 56 प्रतिशत (1.5 करोड़) पुरुष हैं और 44 प्रतिशत (1.18 करोड़) महिलाएं हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। शारीरिक अभावों को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिव्यांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते हैं। दिव्यांगो का मजाक बनाना, उन्हें कमजोर समझना एक भूल और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 दिसंबर 2015 को अपने रेडियो संबोधन 'मन की बात' में कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है।

विकलांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबिल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से ही विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरुरत विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। ताकि वो देश की राजनीति के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक विकास में बेहतर भागीदारी कर सकें।

दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग भी हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं।सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेंशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है।

हमारे आस पास कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपनी दिव्यांगता के बाद भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। यदि दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर तथा प्रभावी पुनर्वास की सुविधा मिले तो वे बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं।

देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है।

आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगो के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगो के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगो की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं।

अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षो में दिव्यांगो के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगो को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगो को शिक्षा से जोडना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है। जिसकी वजह से अधिकांश विकलांग ठीक से पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाते हैं।

# हमारे रिश्तों के दुश्मन बनते मोबाइल फोन



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,
हिसार
(हरियाणा)

मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को हो रहा नुकसान।

सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं। यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है।स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है। जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।

फोन लोगों को आपस में जोड़े रखते हैं और संबंध बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन कुछ मामलों में वे अवरोध भी बन जाते हैं। किसी के सामने उसके फोन की तारीफ करना और किसी को नीचा दिखाना आजकल की एक बड़ी समस्या बन गया है। सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। पहले के दौर में जब मोबाइल नहीं था, तो लोगों का आपस में काफी मिलना-जुलना होता था। संवाद का सिलसिला चलता रहता था। लोग एक-दूसरे के दर्द और भावना को समझते थे। साथ ही समस्याओं के निपटारे के लिए प्रयास करते थे। अब मोबाइल के आगमन के बाद बातें तो काफी हो रही हैं, लेकिन दिलों के बीच की दूरियां काफी बढ़ गई हैं। लोगों के बीच उचित संवाद नहीं हो पा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं का जाल बढ़ रहा है और रिश्तों की बुनियाद कमजोर पड़ती जा रही है। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं।

यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं, उनमें फबिंग भी शामिल है। स्मार्ट फोन पर चिपके रहने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को इग्नोर करते हैं, तो उसे फबिंग कहा जाता है। फबिंग एक ऐसा शब्द है जो स्मार्टफोन की लत से जुड़ा है। यह शब्द फोन और स्नबिंग से मिलकर बना है। स्नबिंग का मतलब होता है अनादर करना या फिर अनदेखी करना। स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है । जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव पारिवारिक रिश्तों में दरार पैदा कर रहा है।

पति-पत्नी के रिश्तों में मोबाइल प्यार नही बल्कि कलह पैदा करने लगा है। महिला आयोग के अनुसार पारिवारिक कलह के करीब 75 परसेंट केसेज का कारण मोबाइल रहा है। मोबाइल के कारण पति-पत्नी के बीच गलतफहमी, मनमुटाव, लड़ाई-झगड़ा हुआ और मामला तलाक तक जा पहुंचता है। टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। लेकिन इसका लगातार इस्तेमाल ना सिर्फ आपकी मेंटल हेल्थ को बिगाड़ रहा है, बल्कि आपके पार्टनर और रिश्तेदारों को भी आप से दूर कर रहा है। आज के युग डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी हमारी रोजमर्रा की लाइफ का एक अहम हिस्सा बन चुका है। यहां तक कि हम हमारे स्मार्टफोन से लेकर सोशल मीडिया और वीडियो कॉल तक अपने करीबियों से जुड़े रहने पर काफी भरोसा करने लगे हैं। एडवांस टेक्नोलॉजी ने हमारे करीबियों के साथ जुड़ना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना दिया है। मोबाइल फोन के आने से जहां जिंदगी आसान हुई है वहीं कुछ मामलों में इसने नुकसान पहुंचाने का भी काम किया है।

दरअसल पहले जहां यह एक जरूरत थी वहीं अब ये जरूरत के साथ लत बन चुकी है। ऐसी लत जिसके बिना लोगों का एक पल गुजारना भी मुश्किल हो गया है। ये लत अब रिलेशनशिप में भी दरार की वजह बन रही है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर लोग अपनी डिवाइस में इस कदर उलझे रहते हैं कि वो दूसरों के साथ बेहतरीन पलों को एंजॉय तक नहीं कर पाते। ऐसे में स्थिति कभी न कभी इतनी बिगड़ जाती है कि रिश्ते में एक दूसरे के बीच गलतफहमियां पनपने लगती हैं। वहीं लगातार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आपकी मेंटल हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आज के समय में जब सोशल मीडिया और फोन ही सब कुछ है लोग एक मिनट भी उससे दूर नहीं रह सकते हैं। लोग किसी से मिलते समय भी फोन पर देखते रहते हैं या सोशल मीडिया पर स्क्रोल करते रहते हैं। उन्हें सामने वाले से ज्यादा जरूरी फोन पर बात करना लगता है। इस व्यवहार को अपमानजनक के रूप में देखा जा सकता है। इससे आप अपने पार्टनर से दूर हो सकते हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ सकता है।



इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि आपका रिश्ता पहले की तरह बरकरार रहे, आपको अपने इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस से जब भी जरूरत हो तब छोटे-छोटे ब्रेक यानी डिजिटल डिटॉक्स जरूर करने चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक एक डिजिटल डिटॉक्स से आपके रिश्ते और सेहत दोनों सुधर सकते हैं। इस समस्या से बचने के लिए आपको जरूरी बातचीत, घर या परिवार के सदस्यों के साथ बैठने या व्यक्तिगत बातचीत के दौरान फोन का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। अपने लोगों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने में भी फोन बाधा नही बनना चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय निर्धारित करें और अपने वर्तमान पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश करें। आपके आसपास क्या घट रहा है इसकी जानकारी फोन के माध्यम से होने के बजाय आपको सीधे होनी चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय कम करने और लोगों से सीधे कनेक्ट होने की कोशिश ज्यादा करें। ऐसा करने से आप दोनों चीजों को मैनेज कर पाएंगे। स्मार्टफोन या सोशल मीडिया पर बने दोस्तों और आपके आसपास के दोस्तों के लिए समय निकालने में संतुलन रखें।

लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश जरूर करें की आप उन पर कितना भरोसा करते हैं।स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के साथ आपको यह समझने की जरूरत है की आपके रिश्ते इससे कहीं ज्यादा जरूरी और ज्यादा मायने रखते हैं। रिश्तों में तनाव या दूरी बनने से आपकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ सकता है। आजकल मोबाइल फोन सड़क पर मौत की पहली वजह भी बनते जा रहे हैं। साथ ही रिश्तों को बिगाड़ने की एक प्रमुख वजह भी। एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताने की जगह लोग अपने वर्चुअल फ्रेंड्स को मैसेज देने में व्यस्त रहते हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।

# आज होगा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना

## मतगणना की तैयारियों की जानकारी देने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने मीडिया प्रतिनिधियों से की प्रेस कॉन्फ्रेंस

» **मतगणना स्थल पर प्रवेश, पार्किंग,मतगणना कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी**

» **शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस के अधिकारियों सहित कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ली बैठक**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना की तैयारी के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा, अम्बिकापुर तथा सीतापुर के लिए मतगणना का कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम में प्रेक्षकों और अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की मौजूदगी में किया जाएगा।






कलेक्टर कुंदन कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान विधानभावार कुल मतदाता एवं मतदान की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 19 चक्रों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 21 चक्रों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 18 चक्रों में मतगणना होगी। प्रातः 06.00 बजे डाक मतपत्र जिला कोषालय के स्पेशल स्ट्रांग रूम में पुलिस सुरक्षा के साथ मतगणना हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के मतगणना कक्ष में ले जाया जाएगा। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम अभ्यार्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों एवं प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रातः 6.30 बजे खोला जाएगा। प्रातः 08:00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी, जिसमें सर्व प्रथम डाकमतों एवं सेवा मतदाताओं द्वारा प्रेषित इटीपीबीएस की प्रीकाउंटिंग शुरू किया जायेगा। जिसके पश्चात प्रातः 08.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक चक्र के रुझान की घोषणा आरओ द्वारा किया जाएगा। रूझान की जानकारी आम जनता को मिलती रहे इस हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहर साउन्ड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केन्द्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री कुंदन ने मीडिया प्रतिनिधियों को शांति पूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने में जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में दी गई जानकारी

कलेक्टर कुंदन ने बताया कि अभ्यर्थियों, चुनाव अभिकर्ताओं, गणना अभिकर्ताओं, मीडियाकर्मियों हेतु मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रवेश द्वार से अन्दर प्रवेश करेंगे, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था ट्रांजिट हॉस्टल के सामने मैदान में की गई है। इसी प्रकार मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी मतगणना केन्द्र में शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज के गेट लाइवलीहुड कॉलेज की ओर से प्रवेश करेंगे, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कलाकेन्द्र मैदान में की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मीडियाकर्मियों के पांच-पांच का ग्रूप में मतगणना कक्ष पर जा सकते है। मतगणना परिसर के बाहर से लाइव रिपोर्टिंग किया जा सकता हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर एसपी श्री शर्मा ने दी जानकारी-

पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने मतगणना दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले को पांच सेक्टर में बांटा गया है। पांचों सेक्टर्स में एक-एक डीएसपी और हथियार बंद दस्ता की ड्यूटी लगाई गई है, जो सभी विधानसभा क्षेत्र में पेट्रोलिंग करेंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग सेंटर में एएसपी सहित तीन डीएसपी रैंक के अधिकारी तैनात किए गए हैं। पूरे जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 500 पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। पार्किंग व्यवस्था के लिए कलाकेंद्र मैदान और पॉलिटेक्निक ग्राउंड में व्यवस्था की गई है। जांच हेतु मुख्य गेट में सीएएफ की टीम लगाई गई है। और पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में प्रवेश के लिए तीन लेयर की जांच होगी जिसमें पहले जिला पुलिस बल दूसरे लेयर में सीएएफ और तीसरे लेयर में सीआरपीएफ बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मीडियाकर्मियों से अनुरोध करते हुए कहा कि मतगणना स्थान पर सीआरपीएफ बल की टीम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच एचएफएमडी मशीन से करेंगे, इसलिए प्रतिबंधित स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने से बचें।

### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस के अधिकारियों सहित कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ली बैठक

प्रेसवार्ता के बाद कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना दिवस पर जिले और मतगणना स्थल में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने पुलिस के अधिकारियों सहित कार्यपालिक दंडाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# ठेकेदार पर अधिकारी मेहरबान,गुणवत्ता को ताक पर रखकर कराया जा रहा है नाली निर्माण

- भूपेन्द्र सिंह -
सीतापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राधापुर से केरजु तक करोड़ो रूपये की लागत से बनने वाली सड़क के किनारे बनाई जा रही नाली घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गई है। अधिकारी ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। जिससे नाली की मजबूती एवं उपयोगिता सवालों के घेरे में आ गई है। लोगो ने ठेकेदार द्वारा बनाये जा रहे नाली निर्माण पर आपत्ति जताते हुए जांच की मांग की है। ताकि नाली निर्माण में बरती जा रही लापरवाही उजागर हो सके।



विदित हो कि 43 करोड़ की लागत से राधापुर से केरजु तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की देखरेख में इस सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पानी निकासी हेतु सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमे ठेकेदार ने विभाग द्वारा तय मापदंडों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है। बहरहाल ग्राम नोनियाटाँगर एवं सरगा बांध के पास नाली का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसमें ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रखकर नाली का निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान निर्माण कार्य की मजबूती का तनिक भी ख्याल नही रखा गया है। नाली बनाने हेतु खोदे गए गड्ढे की सफाई कराए बिना ही निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जबकि खोदे गए गड्ढे की सफाई के बाद उसके अंदर एक मजबूत नींव तैयार करना चाहिए था। लेकिन ठेकेदार ने गड्ढे में जमा मिट्टी के ऊपर डस्ट युक्त सीमेंट का घोल चढ़ा कर नींव तैयार कर दिया है। जो देखने मे ही काफी कमजोर और घटिया नजर आ रहा है। इसके अलावा नाली निर्माण के लिए जो छड़ का ढांचा बिछाया गया है। उसमें भी छड़ बचाने के चक्कर मे ठेकेदार द्वारा काफी लापरवाही बरती गई है। जिससे आगे चलकर नाली की मजबूती एवं इसकी उपयोगिता प्रभावित होगी।निर्माण कार्य मे इस कदर बरती जा रही लापरवाही के बाद भी विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है। अधिकारियों ने इस निर्माण कार्य से खुद को जानबूझकर दूर कर लिया है।ताकि ठेकेदार पूरी तरह इस निर्माण कार्य मे अपनी मनमानी कर सके। इस संबंध में लोगो ने कहा कि इतने बड़े बजट के काम मे ठेकेदार द्वारा की जाने वाली लापरवाही जाँच का विषय है। इस लापरवाही के पीछे संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए लोगो ने निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। ताकि निर्माण कार्य मे बरती गई लापरवाही उजागर हो सके।

*स्तरहीन नाली निर्माण की शिकायत मिली है, कल ही जांच कराता हूँ। नोनियाटांगर एवं सरगा बांध के पास हो रहे नाली निर्माण की गुणवत्ता हमेशा बनी रहेगी। इस ओर मेरा विशेष ध्यान रहेगा।*

**प्रकाश सिन्हा**
**एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, सीतापुर**

# हाथियों ने फिर एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला, लगातार दूसरे दिन हुई घटना से भयभीत हैं ग्रामीण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ वन परिक्षेत्र में लगातार दूसरे दिन जंगली हाथियों के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। एक सप्ताह के भीतर हाथियों के हमले से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार घटनाओं के बाद भी वन विभाग की ओर से जनहानि रोकने जमीनी स्तर पर सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जंगली हाथियों की सही तरीके से निगरानी नहीं होने और ग्रामीणों को उस अनुरूप सतर्क नहीं करने के कारण घटनाएं हो रही है।



बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाढोडी में शनिवार भोर में हाथियों ने एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला।मृतक भोर में खेत की ओर जा रहा था इसी दौरान क्षेत्र में घूम रहे हाथियों के दल से उसका सामना हो गया। हाथियों ने उसे कुचलकर मार दिया। इस घटना की जानकारी पर वन विभाग की टीम सुबह गांव पहुंची और मृतक के स्वजन को तत्कालीन सहायता राशि दी। घटना की सूचना पर पुलिस टीम भी गांव पहुंची थी। शुक्रवार को ही इसी दल से बिछड़े एक हाथी ने ग्राम पंचायत दोहना के आश्रित ग्राम पतराटोली में भी एक महिला को मार दिया था। हाथियों ने उसके शव के दो टुकड़े कर दिए थे। दो दिन के भीतर हाथियों के कारण जनहानि की दो घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी है। आरोप लगाया जा रहा है कि वन विभाग हाथियों की सही तरीके से निगरानी नहीं कर रहा है। हाथियों की सतत निगरानी कर उनके विचरण क्षेत्र में ग्रामीणों को सतर्क करने से ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है लेकिन गांव वालों को पता ही नहीं चल पा रहा है कि हाथी किस ओर विचरण कर रहे हैं। हाथियों से आमना सामना हो जाने के कारण जनहानि की घटनाएं हो रही हैं। इसी वन परिक्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर हाथियों ने तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

# घर के बाहर खेल रहे बालक के ऊपर तेंदुआ ने किया हमला

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिला के ओडगी विकासखंड के ग्राम बेदमी में तेंदुआ ने घर के सामने खेल रहे 12 वर्षीय बालक के ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तेंदुआ को खदेड़ा और बालक की जान बचाई जानकारी के मुताबिक ग्राम बेदमी निवासी सौरभ गुर्जर पिता सुरेंद्र गुर्जर 12 वर्ष शुक्रवार को घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच एक तेंदुआ वहां पहुंच गया और उसके ऊपर हमला कर दिया। बालक ने चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग वहां पहुंचे और तेंदुआ को खदेड़ा। इस दौरान बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई मगर कोई नहीं पहुंचा। पीड़ित परिवार को इलाज के लिए विभाग से अभी तक कोई तात्कालिक मदद नहीं मिल पाई है। तेंदुआ द्वारा बस्ती में घुसकर हमला किए जाने से ग्रामीणों में दहशत है और लोग बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतराने लगे हैं। विदित हो कि पूर्व में इस विकासखंड क्षेत्र में बाघ के हमले से दो ग्रामीणों की मौत हुई थी। जिससे वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बाघ को ट्रेंकुलाइज कर नेशनल पार्क में छोड़ा था।



# सन्त गहिरा गुरु वार्ड में बिजली,पानी, सडक़ जैसी मूलभूत सुविधा की कमी



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सन्त गहिरा गुरु वार्ड में बिजली, पानी, सडक़ जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव से जूझ रहे वार्डवासियों की बुलावे पर श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष एवं नगरनिगम में निर्माण विभाग प्रभारी शफी अहमद ने प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों मौके पर तलब कर यथाशीघ्र आवश्यक सुविधाएं बहाल करने निर्देशित किया। वार्ड वासियों और पार्षद ने बताया वार्ड में आवागमन हेतु सडक़ का अभाव है। गलियां कच्ची है, मुख्य सडक़ का हाल भी ठीक नहीं है। हैंडपंप से लाल पानी निकल रहा है जो कि पीने योग्य नहीं है। पाइपलाइन का विस्तार वार्ड में नहीं हुआ है जिससे नल जल योजना का लाभ वार्ड वासियों को नहीं मिलता। सडक़ किनारे बिजली के खंभों की आवश्यकता है, खंभे नहीं होने से स्ट्रीट लाइट भी नहीं लग पा रहा है। एमआईसी प्रभारी शफी अहमद ने तत्काल निगम के अधिकारियों को सडक़ और नाली का एस्टीमेट तैयार कर राज्य शासन को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है जल्दी ही वार्ड के सभी प्रमुख क्षेत्र और अंदरूनी गलियों में पाइप लाइन का विस्तार कर पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष राजेश मलिक गुड्डू, पार्षद, नगर निगम के ईई संतोष रवि, एसडीओ दुष्यंत बजाज, प्रशांत खुल्लर सहित बिजली विभाग और नगर निगम का मैदानी अमला तथा वार्ड के लोग मौजूद थे।



# पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही छाया घना कोहरा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

उत्तर छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही अंबिकापुर सहित आसपास के इलाकों में शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया। मैदानी इलाकों में कोहरे का असर ज्यादा देखा गया। 2 दिसंबर को इस सीजन का सर्वाधिक घना कोहरा रिकार्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार अभी भी विक्षोभ का असर समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। शनिवार की सुबह शहर सहित आस पास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया था। इसका असर सुबह 9 बजे तक देखा गया। वहीं आसमान में बादल छाए रहने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज नहीं की गई है। इस लिए ठंड से अभी राहत है। मौसम साफ होते ही ठंड में वृद्धि की संभावना है।

# चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ मणिपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कमलेश्वर राजवाड़े जयनगर थना क्षेत्र के कमलपुर का रहने वाला है। कमलेश्वर 4 नंवबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती अपने परिजन को देखने गया था। वह बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर रात को परिजन के साथ था। दूसरे दिन सुबह देखा तो उसकी बाइक जिस स्थान पर खड़ा किया था नहीं थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मोनू उर्फ विशाल भगत पिता संजय भगत उम्र 28 वर्ष निवासी सन्ना जशपुर हालमुकाम सत्तीपारा अंबिकापुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी राहुल दास मानिकपुरी निवासी भफौली के साथ मिलकर अस्पताल परिसर से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके निशानदेही पर राहुल दास को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक महेश्वर शरण, आरक्षक अतुल शर्मा शामिल रहे।



# पर्यावरण प्रदूषण को लेकर बच्चों ने कागजों पर उकेरे शिक्षाप्रद आकृतियां

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर सरगुजा साइंस ग्रूप एजुकेशन सोसायटी एवं जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जन शिक्षण संस्थान के सभा कक्ष में पर्यावरण एवं प्रकृति विषय पर चित्रकला एवं लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षण ले रहे बच्चों सहित शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर छात्र-छात्राओं ने कई ऐसे चित्र बनायें जो कि समाज के लिये शिक्षाप्रद है। बिजली की बचत, कागज का उपयोग कैसे करें, प्लास्टिक बैन, धुंआ से छुटकारा, ग्लोबल वार्मिंग, पौधा रोपण, कचड़े को जलाने से रोकने सहित कई संदेशपरक चित्रों ने सोचने पर मजबुर कर दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने कहा कि हमें अपने प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाना है तभी इस दिन को मनाने का वास्तविक संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। नहीं तो ऐसे तो कई दिवस हम मनाते रहते हैं। यदि हम पौधा लगा रहे हैं तो वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करें, वृक्ष को काटने से बचायें। कचड़े को कोई खुले में जलाता है तो इसे रोके, इधर-उधर कोई कचड़ा न फैलायें। ऑक्सिजन उत्पन्न करने वाले पौधों एवं फलदार पौधों को लगाने पर ही जोर दें जैसे कई विषयों को रखा। सरगुजा साइंस ग्रुप के संस्थापक अंचल ओझा ने कहा कि कार्बन का उत्सर्जन कम से कम हो इस पर हम सभी को ध्यान देना है। यदि हम अपने दिनचर्या में ऐसा कुछ कर सकते हैं तो इस पर विचार करना चाहिए। बिजली बनाने के लिये कोयले को जलाया जाता है और उससे कार्बन उत्सजर्न होता है, यदि बिजली का व्यर्थ उपयोग कर रहे हैं, चाहे वह बिजली के बल्ब के रूप में हो या फिर किसी अन्य साधन सुविधा के रूप में इस पर ध्यान देने की जरूरत है। यह विशेष दिवस भोपाल गैस त्रासदी को याद करते हुए हम हर साल मनाते हैं। इस विशेष दिन पर हम केवल पम्पलेट पोस्टर बांटने, बनाने एवं भाषण देने तक न रहें। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिये यदि एक भी संकल्प लें और सार्थकता से उसे पुरा करें तो हम अपने और प्रकृति के साथ न्याय कर पायेंगे।



सरगुजा साइंस ग्रूप एजुकेशन सोसायटी द्वारा अनिता पब्लिक स्कूल कतकालो, छग विद्या निकेतन राता एवं सरहरी में भी कार्यक्र का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण होने से आसपास कैसे रोक लगा सकते हैं और आवाज़ उठा सकते हैं, इस पर खुल कर चर्चा हुई। इस दौरान बच्चों को वृक्षा रोपण, जल संचय सहित कई पोस्टर एवं पम्पलेट देकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने पर्यावरण, प्रकृति एवं प्रदूषण को लेकर कई चित्र बनायें। बच्चों ने स्वच्छता थीम पर सर्वाधिक चित्रकारी की। इस दौरान बच्चो को वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के आयोजन मे छ0ग0 विद्या निकेतन के प्रमोद ओझा, अजय सिंह, हामिद, आंचल कुशवाहा, शिल्पी गुप्ता, रमेश यादव, वंदना मानिकपुरी, अंजुमाला तिर्की, विवेक सिंह, पीजी कॉलेज की छात्रायें पल्लवी, हेमवंती, ललिता सहित संतलाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं छग0 विद्या निकेतन राता के बच्चें पिछले 4 वर्षो से अधिक समय घरों में वृक्ष लगाकर उसका संरक्षण कर रहे हैं। हर साल बच्चों से उनके वृक्ष के साथ खड़े होकर पर्यावरण दिवस पर फोटो मंगाये जाते हैं और उन्हें सम्मानित किया जाता है। जिससे वृक्षारोपण एवं उसे संरक्षित करने को लेकर बच्चे जागरूक हुए हैं। वही बच्चों से बड़े भी प्रेरित हो रहे हैं।

# मारे गए 15200 से ज्यादा लोग,उनमें 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे,हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा

**खान यूनिस (गाजा), 02 दिसम्बर 2023 ।** इस्राइल और हमास के बीच एक हफ्ते का संघर्ष विराम खत्म होने के बाद आईडीएफ ने नए सिरे से हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, गाजा में मरने वालों की संख्या 15,200 से ज्यादा हो गई है। मारे गए लोगों में 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे हैं। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी है।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने शनिवार को इस आंकड़े की घोषणा की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दिए गए पिछले आंकड़ों में मृतकों की संख्या 13,300 से अधिक बताई गई थी।

अल-किदरा ने मौत के आंकड़े में तेज उछाल के बारे में विस्तार से नहीं बताया। मंत्रालय 11 नवबर के बाद से केवल छिटपुट अपडेट ही दे पा रहा था, क्योंकि युद्ध के बीच उसे कनेक्टिविटी और अस्पताल संचालन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंत्रालय नागरिकों और हमास के लड़ाकों की मौत के बीच अंतर नहीं करता है। हालांकि, अल-किदरा ने बताया कि 40 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



एक हफ्ते के संघर्ष विराम के बाद इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हैं, जिससे नए सिरे से लोगों के हताहत होने की चिंताएं बढ़ गई हैं। अमेरिका ने अपने सहयोगी इस्राइल से नागरिकों की रक्षा करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को दुबई में खाड़ी देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा, यह (इस्राइल-हमास युद्ध) आगे चलकर बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इस पर हम बहुत करीब से नजर बनाए हुए हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से ब्लिंकन का पश्चिम एशिया में यह तीसरा दौरा था।

इस्राइल ने शनिवार को दक्षिण गाजा के खान यूनिस इलाके में कई हमले किए। सेना ने कहा कि उसने हमास के पचास से ज्यादा ठिकानों पर हवाई, टैंक फायर और नौसेना से हमले किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इस्राइली सेना ने निवासियों को स्थान छोड़ने की चेतावनी देने से एक दिन पहले पर्चे गिराए थे, लेकिन शुक्रवार देर रात तक बड़ी संख्या में लोगों के जाने की कोई रिपोर्ट नहीं थी।

एमद हजर खान यूनिस में शरण लेने के लिए एक महीने पहले उत्तरी शहर बेत लाहिया से अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ आए थे। उन्होंने कहा, कहीं जाने के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने हमें उत्तर से बाहर निकाल दिया है और अब वे हमें दक्षिण छोड़ने के लिए भी मजबूर कर रहे हैं।

इस्राइली ने कहा कि उसने उत्तर में भी हमले किए और गाजा पट्टी में अबतक 400 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है। लगभग दो मिलियन लोग (गाजा की लगभग पूरी आबादी) क्षेत्र के दक्षिण में फंसे हुए हैं। युद्ध के शुरुआत में इस्राइल ने लोगों को उत्तर से यहां स्थानांतरित होने को कहा था। इसके बाद उसने जमीनी अभियान शुरु किया था।

# भारत का युवा भविष्य बदल रहा है, संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज

**न्यूयॉर्क, 02 दिसम्बर 2023।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारत की युवा आबादी दुनिया में सबसे बड़ी है। कंबोज ने कहा कि हमारे युवा भविष्य को आकार दे रहे हैं और तकनीक की मदद से स्थायी विकास लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में 1एम1बी एक्टिवेट इम्पैक्ट समिट में अपने संबोधन के दौरान रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत युवा शक्ति की बदलाव की ताकत में पूरा विश्वास रखता है।




रुचिरा कंबोज ने कहा कि 2030 तक स्थायी विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए ऊर्जा के स्त्रोतों को बढ़ाने, मौलिकता और युवा जनता के अविष्कार अहम हैं। भारत सबसे युवा आबादी वाला देशों में से एक है और हम सिर्फ भविष्य को बनते ही नहीं देख रहे हैं बल्कि हम भविष्य को नया आकार दे रहे हैं। कंबोज ने कहा कि भारतीय युवाओं के कृषि, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे अविष्कार इस बात का शानदार उदाहरण हैं कि तकनीक की मदद से किस तरह बेहतरी लाई जा सकती है और किस तरह से चुनौतियों को अवसरों में बदला जाता है।

इस कार्यक्रम का आयोजन यूएन के ग्लोबल कम्युनिकेशन विभाग ने एनजीओ 1एम1बी के साथ मिलकर किया था। ग्लोबल कम्युनिकेशन के डायरेक्टर ऑफ आउटरीच मेहर नसीर ने भी माना कि भारत एक युवा आबादी वाला देश है। उन्होंने बताया कि जापान की औसत आयु 48 साल, यूरोप की 44 साल और अमेरिका की औसत आयु 39 साल है। वहीं भारत की औसत आयु 28 साल है।

# सदिकाबाद में कृष्ण मंदिर को तोड़कर मदरसा बनाने का वीडियो वायरल,शुरू हुआ विवाद

**करांची, 02 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान के पंजाब के सदिकाबाद में अहमदपुर लुम्मा शहर में एक कृष्ण मंदिर को तोड़कर मदरसा में बदलने का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो के वायरल होते ही विवाद शुरू हो गया। वायरल वीडियो में कृष्ण मंदिर का पूरा नजारा दिखाया गया है, जहां मंदिर के सामने ही भगवान कृष्ण की प्रतिमा लगी हुई थी। हालांकि, यह मंदिर अब जल्द ही इस्लामी शिक्षण संस्थान बनने वाला है।



सदिकाबाद में स्थित यह कृष्ण मंदिर अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह कई वर्षो से शहर का हिस्सा रहा है। दो गायों के साथ बांसुरी बजाते हुए भगवान कृष्ण की मूर्ति से सजा हुआ इस मंदिर को धार्मिक विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। मंदिर को तोड़कर वहां मदरसा बनाने की खबर ने चर्चा को बढ़ावा दिया है। दरअसल, ऐतिहासिक महत्व वाले धार्मिक स्थानों का रूपांतरण सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और धार्मिक परंपराओं के सम्मान के बारे में चिंता पैदा करता है।

इस वीडियो के अनुसार, मंदिर का मुख्य द्वार बंद है। वीडियो में मदरसा से जुड़े एक कादरी मंदिर की संरचना को विस्तार से समझाते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्थान को 50 वर्षो से अधिक समय से मस्जिद और मदरसा के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और इसके भीतर बच्चे कुरान का अध्यनन कर रहे हैं। वीडियो में कादरी ने दावा किया कि वह भारत से पाकिस्तान आए थे।

# आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता;पंजाब प्रांत में 14 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार,हथियार-विस्फोटक भी बरामद

**लाहौर, 02 दिसम्बर 2023 ।** पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के 14 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। आईएसआई और टीटीपी जैसे संगठनों के आतंकियों को भी गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को पुलिस ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया और कहा कि सुरक्षाबलों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पंजाब प्रांत के प्रमुख प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

पंजाब प्रांत के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट की तरफ से जारी बयान के अनुसार, पुलिस ने प्रांत के अलग-अलग जिलों में 147 खुफिया ऑपरेशन के बाद 14 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। संदिग्ध आतंकियों के पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री भी बरामद हुए। सीटीडी प्रवक्ता ने लाहौर में जारी बयान में कहा, पंजाब प्रांत में 14 संदिग्ध आतंकवादियों को गुजरांवाला, बहावलपुर, साहीवाल, फैसलाबाद, सरगोधा जैसे इलाकों में खुफिया अभियानों के दौरान पकड़ा गया



अधिकांश आतंकवादी प्रतिबंधित संगठनों - दाएश (आईएसआईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े हैं। पुलिस की गिरफ्त में आए अन्य लोगों का संबंध आतंकवादी समूह- लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) से था। सीटीडी के अनुसार, आतंकवादियों ने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की योजना बनाई थी।

गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों के कब्जे से लगभग 4.3 किलोग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, चार आईईडी बम, 20 डेटोनेटर, 32 फीट सुरक्षा फ्यूज तार, 6.5 फीट प्राइमा कार्ड, प्रतिबंधित साहित्य और नकद राशि बरामद की गई। पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 13 मामले दर्ज किए हैं। आगे की जांच के लिए सुरक्षा कारणों से अज्ञात स्थान पर भेजा गया है।

# दिसंबर के मध्य कार्यक्रम की घोषणा करेगा ECP, आठ फरवरी को होंगे पाकिस्तान में आम चुनाव

**इस्लामाबाद,02 दिसम्बर 2023 ।** आम चुनाव में देरी की अफवाहों के बीच पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा है कि वह इस महीने के मध्य में आगामी आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। ईसीपी पहले ही घोषणा कर चुका है कि संसदीय चुनाव अगले साल आठ फरवरी को होंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा ने शुक्रवार को पत्रकारों के साथ बातचीत की। इस दौरान चुनाव कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आठ फरवरी के 54 दिनों की उल्टी गिनती शुरू करें। राजा ने यह भी कहा कि ईसीपी तय समय से पहले सक्रियता से चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों को संभाल रहा है।




इस साल जून में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार ने चुनाव अधिनियम में संशोधन किया था, ताकि ईसीपी को आम चुनाव की तारीख तय करने की शक्तियां दी जा सकें। यह संशोधन इसलिए भी किया गया कि चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा से लेकर मतदान के दिन तक प्रक्रियाओं की समय सीमा को परिभाषित किया जा सके, जो करीब 54 दिन है।

राजा ने कहा कि अपडेटेड निर्वाचन क्षेत्र की सूची जारी कर दी गई है और चुनाव से पहले की अन्य सभी अपेक्षाओं को पूरा किया जा रहा है। चुनाव आयोग के प्रमुख की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सियासी हलकों में समय पर चुनाव कराने को लेकर संदेह जताया जा रहा है, क्योंकि ईसीपी मतदान के दिन तक की प्रक्रिया के लिए कोई समय सारिणी (टाइमटेबल) नहीं दे रहा है। ईसीपी नेशनल असेंबली के भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने में पहले ही विफल रहा है।

# नेशनल हाईवे 130 स्थित मोहनपुर चौक में कंटेनर वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवारी युवक की मौत

**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित मोहनपुर चौक में देर शाम लगभग 6:30 बजे कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची दोनों मृतक अम्बिकापुर निवासी बताए जा रहे है मौके से भाग रही कंटेनर को उदयपुर पुलिस ने लिया कब्जे में।






# युवती की अर्धजलि शव मिली,गांव में सनसनी



**» हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जर्नादनपुर के जंगल में एक युवती की अधजली शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है।तारा पुलिस मामले की जांच कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार तारा पुलिस चौकी क्षेत्र के जनार्दनपुर जंगल में एक अज्ञात युवती का अधजली शव देखा गया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई,मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू किया है।युवती कहा की है अभी यह पता नहीं लग सका है पुलिस आसपास के क्षेत्र में पता लगाने का प्रयास कर रही।डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। फिलहाल घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम कर मामला दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला बताया गया है आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने युवती के शरीर में मिट्टी तेल डालकर जलाया गया है।घटना अदानी कोल माइंस के ग्राम साल्ही रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी की है पुलिस हत्यारों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी हुई है।



# बुजुर्ग महिला की हत्या

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जोबगा में एक शराबी दामाद ने अपने सास की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी है।आरोपी की दिमागी हालत ठीक नही होने की बात कही जा रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जोबगा में आज दोपहर में विनोद सिंह नामक युवक सनक गया और अपनी पत्नी प्रेमलता को मारने दौड़ाया पर वह भाग गई इसी बीच प्रेमलता की माँ 60 वर्षीय शोभा बाई बीच मे आ गई और विनोद ने उसे आव देखा न ताव कुल्हाड़ी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।बताया जाता है कि आरोपी विनोद की कुछ दिनों से दिमागी हालत ठीक नही थी जिससे वह पागलो जैसी हरकत करता रहता था। सूचना पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

# सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने किया गया मॉकड्रिल







**» सामान्य प्रेक्षकों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ देखी सम्पूर्ण व्यवस्था**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** आज वाली मतगणना के सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी विधानसभा क्षेत्रों के समान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम प्रवेश गेट में सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारी-कर्मचारियों की जांच की गई। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को विधानभावार मतगणना कक्ष में मतगणना कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



इस दौरान कलेक्टर कुंदन ने कहा कि सभी सुबह 6 बजे मतगणना स्थल में उपस्थित हो जाएं। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तनावमुक्त होकर त्रुटिरहित मतगणना सम्पन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ईवीएम काउंटिंग टेबल व्यवस्था, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग, टेबुलेशन, सीलिंग कार्य, मीडिया सेंटर, मेडिकल इमरजेंसी में लगे अधिकारी कर्मचारियों से ड्राई रन करवाया। वहीं पुलिस बल से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी ली गई तथा नियमों का कड़ाई से पालन करवाने निर्देशित किया गया, एसपी शर्मा ने कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, इसका ध्यान रखें। पहचान पत्र के साथ ही कोई भी व्यक्ति मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकेगा।

# पुनीत सागर अभियान के तहत सूरजपुर के एनसीसी कैडेट्स ने की जोड़ा तालाब की साफ सफाई

**» एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के तहत चलाया स्वच्छता कार्यक्रम**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,02 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के एनसीसी कैडेट्स ने संयुक्त रूप से 1 सीजी एनसीसी बटालियन कोरबा के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी चौधरी के निर्देशन तथा प्राचार्य एच एन दुबे और प्राचार्य लैफ सिंह के मार्गदर्शन में पुनीत सागर अभियान के तहत् सूरजपुर शहर में विशाल जागरूकता रैली निकालकर बड़कापारा में स्थित जोड़ा तालाब की साफ - सफाई की। कैडेट्स ने रैली के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। सूरजपुर एनसीसी कैडेट्स पिछले कई वर्षो से विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर रिहन्द नदी के तट पर स्थित छठ घाट की साफ सफाई करते आ रहे है। विदित हो कि पुनीत सागर अभियान की शुरुआत एनसीसी द्वारा नदियों और झीलों सहित समुद्र तटों एवं अन्य जल स्रोतों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को साफ करने और समुद्र तटों एवं नदी के किनारों को साफ रखने के महत्व के बारे में स्थानीय आबादी के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को %स्वच्छ भारत% के बारे में अवगत करना और उन्हें इसके प्रति जागरूक बनाना है। इस कार्यक्रम में 32 सीनियर डिविजन के कैडेट्स और 93 जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर भारतीय सेना के जेसीओ एस एस घोरपड़े,एनसीसी के सेकेंड ऑफिसर सुनील दत्त तिवारी, एनसीओ चंदन सिंह, केयर टेकर दीपचंद एक्का सहायक प्राध्यापक, सीनियर कैडेट विक्की विश्वकर्मा और अनिश साहू उपस्थित रहे।







CMYK

# नवीन धान उपार्जित समिति छिंदिया में पहले वर्ष से ही किसानों करना पड़ा रह समस्याओं से सामना

### छिंदिया में नवीन धान उपार्जन समिति से संलग्न ट्रांसफार्मर हफ्तों से खराब | छिंदिया के एक मोहल्ले के ग्रामवासी हफ्तों से अंधेरे में रहने को मजबूर | बिजली के अभाव में धान खरीदी हो रही प्रभावितज्जनरेटर से चलाया जा रहा है काम









**-रवि सिंह-**
**कोरिया,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।**

पटना समिति से टूटकर तरगंवा बना और तरगंवा से टूटकर अब छिंदिया नई धान उपादान समिति बनी है इस साल से पहली बार इस धान खरीदी केंद्र में किसानों का धान खरीदा जा रहा है, समस्या यह है कि नवीन धान खरीदी में पहले साल से ही एक नई समस्या ने घेर रखा है और वह समस्या है ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद बिजली की, जिस वजह से टोकन से लेकर तमाम समस्याएं धान खरीदी केंद्र में दिख रही है, जिससे किसानों को समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है और यह काफी दिनों से यही हाल है पर शिकायतों के बाद भी इस और किसी का ध्यान नहीं है अब धान खरीदी में लगभग 1 महीने ही बचे हैं और ऐसे में धान खरीदी कैसे सुचारू रूप से पूरी हो पाएगी?

यूं तो सरकार और राजनीतिक पार्टियां जनता की बुनियादी सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं, जिसमें 24 घंटे बिजली मुहैया का दावा लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों करती आ रही हैं। जनता को लुभाने के लिए बिजली बिल माफ और बिजली बिल हाफ जैसे वायदे करने वाले राजनीतिक नुमाइंदे जब शहर से लगे गांव में हफ्तों से बिजली व्यवस्था बहाल न करा सके, तो खोखले दावों की पोल खुलती नजर आती है। ऐसा ही कुछ हाल इन दिनों ग्राम पंचायत छिंदिया के बाजारपारा और उसके नीचे के मोहल्ले का है। जहां कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद है, और ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। साथ ही इन दिनों सब्जियों की खेती का भी सीजन है। जिसके लिए किसान बिजली वाले पंप पर आश्रित रहते हैं। आलम यह है कि बाड़ी में उगाई जाने वाली सब्जियां पर भी बिजली के बगैर सिंचाई न होने का दुष्प्रभाव साफ देखा जा रहा है। इन सबसे परे शासन की महत्वाकांक्षी धान उपार्जन योजना पर भी पलीता लगता नजर आ रहा है। विगत दिनों ग्राम पंचायत छिंदिया में सहकारी समिति तरगांवा से पृथक कर नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया और धान खरीदी तय समय से प्रारंभ भी कर दी गई। परंतु वर्तमान में स्थिति यह है कि धान खरीदी केंद्र जिस स्थान पर स्थापित है, वहां का ट्रांसफार्मर हफ्तों से खराब चल रहा है। जिसकी वजह से टोकन काटने, कंप्यूटर में डाटा एंट्री करने में समिति कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति तो यह भी है कि जब किसान धान बेचने के लिए टोकन कटवाने जाते हैं, तो बिजली के अभाव में टोकन कट नहीं पा रहा और किसानों को कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अस्थाई तौर पर जनरेटर की व्यवस्था करके किसी तरह धान खरीदी केंद्र को संचालित किया जा रहा है। परंतु बिजली के अभाव में ग्राम वासियों के साथ-साथ समिति के कर्मचारी भी काफी व्यथित नजर आ रहे हैं। ट्रांसफार्मर के खराब होने का प्रभाव यह है कि रात के समय खरीदे हुए धान की निगरानी के लिए लगाए गए प्रकाश व्यवस्था पर भी ग्रहण लगा हुआ है।

### शिकायत के बाद भी विभाग उदासीन, अभी तक कोई कार्यवाही नहीं

ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत ग्राम वासियों द्वारा संबंधित लाइनमैन के माध्यम से हफ्तों पहले की गई है। साथ ही धान खरीदी समिति के कर्मचारियों ने भी अपनी ओर से शिकायत दर्ज कराई है, और अपनी परेशानियों का हवाला दिया है। परंतु विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीणों का और समिति के कर्मचारियों की समस्या का कोई समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। इस हेतु ग्राम वासियों ने अपने स्तर पर राजनीतिक दल के नेताओं से भी बात की और उन्हें आश्वासन भी मिला की 24-48 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। परंतु ना तो सरकारी कर्मचारी और ना ही राजनीतिक पार्टीयों के नुमाइंदे इस ओर गंभीर हैं। जिसका खामियाजा ग्राम वासियों को, किसानों को और सहकारी समिति के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। जहां एक और ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर किसान सिंचाई के अभाव में अपने फसलों को सूखता हुआ देख रहे हैं, और ऐसे किसान जिन्होंने धान बेचने की ठानी है, उनका सुचारू रूप से टोकन नहीं कर पा रहा।

# विधानसभा क्रमांक 3 बैकुण्ठपुर के 228 मतदान केन्द्र की गणना 17 राउंड में होगा

### प्रत्येक चरण की घोषणा रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा

### स्वस्थ लोकतंत्र की खूबसूरती में मीडिया का अहम रोल मतगणना में भी सभी वर्ग करें सहयोगः कलेक्टर श्री लंगेह

### सुरक्षा,व्यवस्थित यातायात हेतु तीन पार्किंग स्थल तैयारःएसपी




**-संवाददाता-**
**कोरिया,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन बैकुंठपुर में 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना को लेकर प्रेस वार्ता लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस अवसर पर उपस्थित सामान्य प्रेक्षक नारायण चन्द्र सरकार ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि 17 नवम्बर को हुए मतदान में जिस तरह से मीडिया ने सहयोग किया है, इसी तरह 3 दिसम्बर को भी सकारात्मक सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्वस्थ लोकतंत्र में मीडिया को महत्वपूर्ण योगदान बताया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में लंगेह ने कहा कि 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ था और 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे मतगणना होगी। मतगणना पूर्व की गई तैयारियां के बारे में जानकारी देते हुए कहा मतगणना स्थल शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल को बनाया गया है। ईवीएम स्ट्रांग रूम को 3 दिसम्बर को सुबह 6 बजे खोला जाएगा। मतगणना पश्चात सीयू को स्ट्रांग रूम कक्ष में सील किया जायेगा और शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेण्डरी स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस की संख्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि अब-तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 824 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट का उपयोग किया। डाक से प्राप्त 29 मतपत्र हैं। 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाता व 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 139 है जबकि अनिवार्य सेवा के 31 मतदाताओं के मतपत्र डाक से प्राप्त हुए हैं। इस तरह अब-तक 1023 मतदाताओं के मतपत्र पोस्टल बैलेट के माध्यम प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी लंगेह ने बताया कि मतगणना हाल में पोस्टल बैलेट गणना के लिए 3 टेबल व ईवीएम गणना हेतु 14 टेबल तथा अंत में रेण्डम 5 व्ही.व्ही.पैट मशीनों की गणना हेतु एक टेबल लगाया जाएगा। मतगणना स्थल तक जाने के लिए तीन स्तर पर घेरे बनाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक विधानसभा क्रमांक 3 बैकुण्ठपुर के कुल 228 मतदान केन्द्र की गणना 17 राउंड में होगा और प्रत्येक चरण की घोषणा रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट प्रतिबंध- प्रेस वार्ता में बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, पेन, स्मार्ट वॉच, डिजिटल कैमरा, लैपटॉप, पेनड्राइव व किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस-गैजेट सुरक्षा व गोपनीयता को देखते हुए उक्त उपकरण ले जाने की मनाही की गई है। कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी की गई है, उसी आधार पर मतगणना स्थल पर अवलोकन की अनुमति मिलेगी। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त अधिकारी 17(सी) भाग 2 की फोटोकॉपी कर काउंटिंग एजेंट व मीडिया प्रतिनिधि को प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। जुलूस-रैली में डीजे (डिस्क जॉकी) के उपयोग के सवाल पर लंगेह ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर किसी भी तरह के डीजे चलाने की अनुमति नहीं होगी। डीजे के कारण बुजुर्ग, बीमार, बच्चों, गर्भवती, हृदयरोगी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उच्च न्यायालय ने इसे रोकने के लिए शासन को कड़े निर्देश भी दिए हैं। वहीं जुलूस-रैली निकालने के लिए नियमानुसार अनुमति की लेनी होगी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि सुरक्षा व सुचारू यातायात के लिए तीन पार्किंग स्थल बनाया गया है। मतगणना स्थल के नजदीक स्कूल के पास, दुर्गा पंडाल, गंगाश्री होटल व खूटनपारा में दोपहिया, चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। मतगणना स्थल पर तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा, शराब व अन्य अस्त्र-शस्त्र ले जाना पूर्णतः पाबंदी होगी। बता दें काउंटिंग एजेंट का प्रवेश गेट क्रमांक 01 व मीडिया कर्मी गेट नम्बर 3 से प्रवेश मिलेगा।

# सालों से बंद पड़ी अंजनहिल,बरतुंगा हिल और कटकोना 3/4 खदान फिर शुरू होने की सुगबुगाहट...

## फिर लौटेगी रौनक...कॉलरी में लगाएंगे कारखाना

### खदान एसईसीएल का उत्पादन करेगी निजिकंपनी और बेचेगी कोयला...देख रेख एसईसीएल

**-रवि सिंह-**
**चिरमिरी,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।**

लंबे समय से बंद कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने के लिए एसईसीएल ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। चिरमिरी व बैकुण्ठपुर क्षेत्र के बंद खदानों के शुरू होने से कोयला उत्पादन बढ़ेगा और क्षेत्र से हो रहे पलायन की समस्या पर विराम भी लगेगा। वहीं रोजगार के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। अंजनहिल, बरतुंगा हिल व कटकोना 3/4 खदान को लेकर रिटेंडर प्रक्रिया में है। खासबात यह है कि वर्ल्ड बैंक ने चिरमिरी की दो बंद खदानों को उद्योग स्थापना के लिए चयनित किया है। बता दें कि एसईसीएल के सीएमडी डॉ. पीएस मिश्रा ने चिरमिरी क्षेत्र के दौरे में कहा था कि क्षेत्र से 10 मिलियन टन कोयला उत्पादन संभव है। इसके बाद प्रबंधन ने कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए पुरानी खदानों को फिर से शुरू करने के लिए नई संभावनाओं की तलाश में प्रयास शुरू कर दिया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 में एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र का कोयला उत्पादन 2.5 मिलियन टन था। आगामी वर्ष में 3.5 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। एसईसीएल के महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के विकास की दिशा में खदानों के विस्तारीकरण का कार्य जारी है। कंपनी का लक्ष्य है कि चिरमिरी के खदानों का विस्तार कर उत्पादन बढ़ाया जाए। जिसके तहत अंजनहिल, बरतुंगा हिल खदान का विस्तारीकरण के लिए रिटेंडर प्रक्रिया में है। दोनों बंद खदानें एमडीओ (माइंस डेवलपमेंट और ऑपरेशन) मोड में रेवेन्यू समरी के आधार पर टेंडर की गई है। इसमें कोयले का उत्पादन करने वाली संस्था ही कोयले का विक्रय भी करेगी। इससे होने वाले लाभ का तय हिस्सा एसईसीएल को प्रदान करेगी।







### खदानों की विस्तारीकरण प्रक्रिया शुरू

चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत खुली खदान रानी अटारी विजय वेस्ट, चिरमिरी एनसीपीएच व न्यू कुरासिया भूमिगत खदानों के विस्तारीकरण की प्रक्रिया के लिए भी क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रयास जारी है। परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा। एसईसीएल के इस प्रयास से क्षेत्र से पलायन व स्थायित्व की समस्या कुछ समय के लिए हल होगा। रिटेंडर प्रक्रिया में, खदानों में उत्पादन बढ़ने से पलायन की समस्या पर लगेगा विराम, एनसीपीएच ओल्ड खदान के लिए टेंडर एसईसीएल प्रबंधन ने क्षेत्र के विकास के लिए बंद पड़े एनसीपीएच खदान को भी एमडीओ के तहत टेंडर करने का प्रस्ताव क्षेत्रीय स्तर पर तैयार किया है। इसे एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्र में कोयला खदानों के विस्तारीकरण के साथ ही उत्पादन बढ़ेगा इससे क्षेत्र का विकास होगा।

### बंद खदानों को त्वरित परिवर्तन योजना के तहत चयनित किया है

महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने बताया कि चिरमिरी क्षेत्र की खदानों का विस्तारीकरण एसईसीएल सीएमडी के मार्गदर्शन अनुसार किया जा रहा है। वर्ल्ड बैंक ने वेस्ट चिरमिरी कॉलरी और एनसीसी (नार्थ चिरमिरी कॉलरी) के बंद खदानों को त्वरित परिवर्तन योजना के तहत चयनित किया है। इसका भी कार्य शुरू हो गया है। वर्ल्ड सर्वे बैंक द्वारा बंद खदानों में उद्योग स्थापित किया जाएगा। इससे खदानों के बंद होने के बाद होने वाले पलायन को रोका जा सके।

### 2025 तक उत्पादन होना है शुरू

बीएन झा महाप्रबंधक बैकुंठपुर इस संबंध में बताया कि काम जारी है 1/2 व 3/4 को जोड़ा कर आरो होगा जिसके लिए टेंडर हो चुका है और 4 सीएम मशीन आनी है 2 साल के अंदर इस काम को पूरा करना है 2025 में उत्पादन शुरू होने की तिथि निर्धारित की गई है यदि यह शुरू हो जाता है तो प्रति दिन 5500 टन कोयला उत्पादन किया जाएगा, साल में 17 लाख 40 हजार टन कोयला उत्पादन होगा।

### एक साल पहले एसईसीएल सीएमडी डा. प्रेम सागर मिश्रा का हुआ था बैकुंठपुर एरिया का दौरा

ज्ञात हुआ कि एसईसीएल सीएमडी डा. प्रेम सागर मिश्रा ने बैकुंठपुर एरिया में दस्तक दी। निरीक्षण की शुरुआत चरचा आरओ वेस्ट माइन से की जहां उन्होंने माइन प्लान को देखा तथा उत्पादकता अभिवृद्धि से सम्बंधित बिंदुओं पर चर्चा की। इसके बाद चरचा ईस्ट पहुंचकर कटघोरी शाफ़्ट को देखा तथा उपयोगी टिप्स दिए। चरचा सीएचपी के निरीक्षण के दौरान ई एंड एम की टीम को निर्देश देते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि वे मशीनरी और व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए योजना बनाएं। कटकोना 3/4 एरिया की बंद खदान है। सीएमडी डॉ मिश्रा ने माइन प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट के ज़रिए उपलब्ध रिज़र्व, खदान की दिशा, तकनीक आदि का अध्ययन किया तथा इसे पुनः चालू करने के लिए समयबद्ध तरीक़े से कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कटोरा सादडिंग में स्टॉक संचय की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होंने मानसून की तैयारी पूरी कर लेने को कहा जिससे कि यहां जल जमाव ना हो। इसके बाद सीएमडी व उनकी टीम झिलमिली माईन पहुंची। यहां माइन प्लान, बेल्ट स्ट्रक्कर का निरीक्षण किया गया। पाण्डवपारा यूजी में माइन प्लान देखते हुए उन्होंने वर्किंग डिस्टेंस को कम करने का सुझाव दिया। स्ट्राटा व वर्किंग के विषय में माइन टीम से जानकारी ली। पूरे विज़िट के दौरान उनका ज़ोर व्यवस्थागत सुधार पर था तथा इसके लिए उन्होंने सभी के सुझावों को बड़े ध्यान से सुना। खदानों का दौरा करने के पूर्व बैकुंठपुर एरिया पहुंचने पर सीएमडी डॉ मिश्रा ने क्षेत्र के कोर टीम के साथ बैठक की। खदानों के निरीक्षण के उपरांत वे एरिया जेसीसी सदस्यों से मिले तथा देर शाम वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। चलू वित्तीय वर्ष में बैकुंठपुर क्षेत्र को 2.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला हुआ है।



# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना आज

## बीएसएफ सहित पुलिस कर्मी संभालेंगे कमान

## अपने साथ नहीं रख सकेंगे मोबाइल

## 300 कर्मचारी करेंगे वोटों की गिनती



### अपने साथ नहीं रख सकेंगे मोबाइल

मतगणना के दौरान कर्मचारी,प्रत्याशी व उनके एजेंट अपने साथ मोबाइल नहीं रख सकेंगे। सभी को आई टी आई के मत गणना स्थल के गेट पर बनाए गए चेक पोस्ट से प्रवेश के दौरान यहां सघन तलाशी ली जाएगी। किसी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण व धूम्रपान सामग्री को मतगणना स्थल पर ले जाने की इजाजत नहीं होगी। विधानसभा चुनाव में जनता किसके सिर जीत का ताज सजाएगी और किसे नाराज करेगी, ये तय आज होगा। पिछले 17 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना को लेकर निर्वाचन की ओर से तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। जिले की तीनो विधानसभाओं के वोट की गिनती आई टी आई भवन पर्री में गिने जाएंगे। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जिले में 17 नवंबर को मतदान हुआ था, जिसमें जिले की तीन विधानसभाओं प्रेमनगर भटगांव प्रतापपुर विधान सभा सीट से 42 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। हवा का रुख अपनी ओर मोड़ने के लिए सभी की ओर से चुनाव में पूरा जोर लगाया गया था। हालांकि, इसमें कौन सफल हो पाया और किसके खाते में आई निराशा, इसका फैसला आज 3 दिसंबर को आई टी आई भवन पर्री में होगा। यहां जिले के तीनो विधानसभाओं के वोटों की गिनती की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के वोटों की गिनती 14-14 टेबल पर होगी। इसकी निगरानी के लिए उम्मीदवारों के अलावा उनके एजेंट भी मौजूद रहेंगे। पार्टी व प्रत्याशियों की ओर से अपने-अपने एजेंट बनाए गए हैं। अनुभवी कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

-ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।
ओंकार पांडेय। सूरजपुर। जिले में हुए तीन विधान सभा के मतदान के पश्चात दोनो प्रमुख दल कांग्रेस बीजेपी सहित अन्य दल के प्रत्याशी अपने जीत का दावा कर रहे है किंतु कौन सिरमौर होगा इसका फैसला तो आज रविवार के मत गणना के पश्चात ही पता चल सकेगा विधानसभा चुनाव में जनता किसके सिर जीत का ताज सजाएगी और किसे नाराज करेगी, ये तय आज होगा। पिछले 17 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना को लेकर निर्वाचन की ओर से तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। जिले की तीनो विधानसभाओं के वोट की गिनती आई टी आई भवन पर्री में गिने जाएंगे।

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जिले में 17 नवंबर को मतदान हुआ था, जिसमें जिले की तीन विधानसभाओं प्रेमनगर भटगांव प्रतापपुर विधान सभा सीट से 42 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। हवा का रुख अपनी ओर मोड़ने के लिए सभी की ओर से चुनाव में पूरा जोर लगाया गया था। हालांकि, इसमें कौन सफल हो पाया और किसके खाते में आई निराशा, इसका फैसला आज 3 दिसंबर को आई टी आई भवन पर्री में होगा। यहां जिले के तीनो विधानसभाओं के वोटों की गिनती की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा के वोटों की गिनती 14-14 टेबल पर होगी। इसकी निगरानी के लिए उम्मीदवारों के अलावा उनके एजेंट भी मौजूद रहेंगे। पार्टी व प्रत्याशियों की ओर से अपने-अपने एजेंट बनाए गए हैं। अनुभवी कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।




### बिना पास के प्रवेश प्रतिबंधित-

मतगणना स्थल के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिना प्रवेश पत्र के किसी को भी मतगणना स्थल के भीतर जाने की अनुमति नहीं होगी। अभिकर्ता आई टी आई कॉलेज केव मुख्य द्वार से गणना कर्मियों, गणना कार्य के लिए नियुक्त अन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा मीडिया कर्मियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

### बी एस एफ सहित जिले के पुलिस कर्मी संभालेंगे कमान

मतगणना के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त किए गए हैं। मतगणना के दौरान आई टी आई में हजारों पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। इतना ही नहीं, ड्रोन कैमरों की मदद से भी निगरानी की जाएगी। वहीं, सीसीटीवी कैमरों की मदद से मतगणना की हर गतिविधि को कैमरे में कैद किया जाएगा।

### लगभग 300 कर्मचारी करेंगे वोटों की गिनती

मतगणना रविवार को सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगी। तीनो विधानसभाओं के वोटों की गिनती के लिए 300 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना में लेखा कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई है। मतगणना ऑब्जर्वर की निगरानी में होगी।

### मतगणना संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण-जिला निर्वाचन अधिकारी

सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर को पड़े मतों की गणना कल 3 दिसंबर को होगी। प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मतगणना स्थल पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी 6 बजे सुबह पहुंचेंगे जबकि प्रत्याशियों व उनके एजेंटों को मतगणना स्थल में 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। पोस्टल बैलट से गणना की शुरुआत होगी। इसके बाद ईवीएम में डाले गए मतों की गणना होगी। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतगणना को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले के प्रेमनगर,भटगांव व प्रतापपुर विधानसभा के लिए अलग-अलग 14 टेबलों पर मतगणना होगी। प्रेमनगर विधानसभा के 275 पोलिंग बूथ की गणना करीब 19 राउंड में जबकि भटगांव के 306 पोलिंग बूथ व प्रतापपुर विधानसभा की 296 पोलिंग बूथ की गणना 22-22 राउंड में संपन्न होगी। मतगणना स्थल आईटीआई भवन में तीन स्तरीय सुरक्षा की गई है। मतगणना कार्य के लिए करीब 300 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी लगाए गए हैं। मतगणना तिथि के 1 दिन पूर्व शनिवार को मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतगणना का अभ्यास कराया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से कुल 3688 डाक मतपत्र प्राप्त हुए, जिसमें विधानसभा प्रेमनगर में 1172, भटगांव विधानसभा में 1076 व प्रतापपुर विधानसभा में सर्वाधिक 1440 डाक मत पत्र शामिल है। मतगणना स्थल की 100 मीटर की परिधि में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित होगी, यह पैदल मार्ग होगा। मतदान केंद्र में मोबाइल आईपैड लैपटॉप,स्मार्ट वॉच,कैमरा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व बीड़ी-सिगरेट गुटखा ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### प्रत्याशियों, समर्थकों की धड़कनें बढ़ीं

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कल 42 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होगा। भटगांव विधानसभा से सर्वाधिक 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जबकि प्रेमनगर में 12 और प्रतापपुर में 13 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की धड़कनें अभी से बढ़ गई हैं।

### कलेक्टर,एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा एसपी इंदिरा कल्याण इलेसेला ने शनिवार को आई टी आई कॉलेज पहुंचकर मतगणना के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक भी मौजूद थे। मतगणना के लिए निर्धारित प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा प्रियंका वर्मा अन्य अधिकारी मौजूद थे। ईव्हीएम के मतों की गणना वाले एक कक्ष में 14 टेबल लगाई गई हैं। तीनो विधान सभा में 82 प्रतिशत 578722 लोगो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था एक से 291136 पुरुष वा 287586 महिलाएं शामिल है। चुनाव मतगणना सवेरे 8 बजे से, सभी तैयारियां पूरी -जिला निर्वाचन अधिकारी

### 5 लाख 79 हजार से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार किया इस्तेमाल

उत्सुकता और बेचैनी दोनों की रविवार की दोपहर तक समाप्त हो जाएगी। एक ओर जहां प्रत्याशियों के लिए शनिवार को धड़कने तेज करने वाली रात थी वहीं रविवार का सबेरा नई रोशनी लेकर आने वाला होगा। तीनों विधान सभा के विधायक पद के लिए करीब 5 लाख 79 हजार से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। सुबह 8 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम- जिले के तीनो विधान सभा सीट के लिए विधायक चुनाव की रविवार को होने वाली मतगणना के लिए आई टी आई कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम को सुबह 8 बजे राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक की उपस्थिति में खोला जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के अनुसार स्ट्रांग रूम को खोले जाने के समय तीनो विधान सभा के पद का चुनाव लड़ रहे 42 उम्मीदवार अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता भी मौजूद रह सकेंगे। प्रशासनिक तैयारियों के हिसाब से साढ़े 9 बजे से रूझान आना शुरू हो जाएगा और दोपहर तक पूरी तस्वीर ही साफ हो जाएगी। यहां-वहां नहीं जा सकेंगे अभिकर्ता- उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता* जिस टेबिल के लिए उन्हें नियुक्त किया गया है उस टेबिल के अलावा कहीं नहीं आ जा सकेंगे। इसी तरह ईव्हीएम की गणना के लिए नियुक्त अभिकर्ता निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना के लिए प्रयुक्त कक्षों में प्रवेश नहीं पा सकेंगे और निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गिनती के लिए नियुक्त गणन अभिकर्ता ईव्हीएम की गणना वाले कक्ष में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## मर्डर का फरार आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।
कोरबा जिले के राजगमर क्षेत्र का मामला है,जहां दिनांक 14.05.2023 को मृतक बसंत कुमार अपने साथी राज कंवर के साथ अपने मजदूरी का पैसा लेने कोरबा गए थे जो कोरबा से दोनों अपने काम का पैसा लेकर शाम करीबन 05-06 बजे अपने गांव भुलसीडीह वापस आये थे। जो मृतक के घर के पास गली में दोनों के मध्य पैसे को लेकर विवाद हुआ तब राज कंवर अपने साथी बसत कुमार कंवर को धक्का देकर जमीन में गिरा दिया और अपने पास रखे खटिया के पाटि नुमा लकड़ी के डण्डा से उसके सिर एवं मस्तक में मार कर गभिर चोट पहुंचाया था। जिसका सिम्स अस्पताल बिलासपुर में ईलाज दौरान दिनांक 15.05.2023 को मृत्यु हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से को अवगत कराने पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के पर्यवेक्षण थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर चौकी प्रभारी रजगामार सउनि राकेश सिंह को तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित करने पर पुलिस की टीम के द्वारा घटना के प्रत्यक्षदर्शी से जानकारी प्राप्त कर होने पर आरोपी राज कंवर के विरूध्द धारा 302 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर



उसकी पताशा जी किया जाने लगा। आरोपी घटना के बाद से ही फरार था, विशेष सूत्रों से जानकारी प्राप्त होने पर आरोपी को दबिश देकर कर पकड़ा गया आरोपी भिखारी उर्फ राज कंवर पिता स्व0 बिरनु कंवर उम्र 31 वर्ष साकिन दर्रापारा भुलसीडीह चौकी रजगामार जिला कोरबा को आरोपी घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी भिखारी उर्फ राज कवर पिता स्व0 बिरडु कंवर उम्र 31 वर्ष साकिन दर्रापारा भुलसीडीह चौकी रजगामार जिला कोरबा को अपराध क्रमांक 315/23 धारा 302 भादवी के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सउनि राकेश सिंह चौकी प्रभारी रजगामार, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार सिंह, गुरुवार सिंह, आरक्षक रूप नारायण साहू सायबर सेल से महिला आरक्षक रेनू टोप्पो, डेमन ओगरे, विकेश्वर प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बस्ती में घुसे हाथियों को ग्रामीणों और वन अमला ने खदेड़ा

-संवाददाता-
कोरबा,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।
जिले के कोरबा वनमंडल अंतर्गत लेमरू रेंज के रफ्ता बस्ती में अचानक रात्रि पहर में आ पहुंचे 26 हाथियों के दल ने उत्पात मचाकर घर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसकी सूचना समय पर मिल जाने से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ मिलकर उत्पाती हाथियों को मशाल जलाकर खदेड़ा गया। खदेड़े जाने पर हाथियों के दल ने जंगल का रूख किया और ग्राम विमलता पहुंच गए। वर्तमान में हाथियों का यह दल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है। वन विभाग हाथियों की निगरानी करने के साथ ही आसपास के गांवों में मुनादी भी करा रहा हैं।

37 हाथियों का दल कुदमुरा रेंज के ग्राम गुरमा व सिमकेंदा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से डेरा डाले हुए है। इसमें से 26 हाथी ग्राम गुरमा तथा 11 हाथी ग्राम सिमकेंदा में सक्रिय थे। 26 हाथियों का दल ग्राम गुरमा से आगे बढ़ा और जंगल ही जंगल होते हुए रात्रि 1 बजे के लगभग



ग्राम कुदमुरा व पसरखेत रेंज की सीमा को पार कर ग्राम लेमरू में प्रवेश कर गया। निकट ही स्थित रफ्ता बस्ती में घुसने के साथ ही उत्पात मचाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच हाथियों की चिंघाड़ सुनकर ग्रामीण जागे और बड़ी संख्या में हाथियों को बस्ती में घुसा देख सहम गए। सहमे ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। लेमरू रेंजर जयनाथ गोंड़ के निर्देश पर विभाग का अमला रफ्ता गांव पहुंचा और हाथियों को मशाल जलाकर खदेड़ने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस कार्य में विभाग ने ग्रामीणों की भी मदद ली। उधर ग्राम सिमकेदा में मौजूद 11 हाथी भी आगे बढ़कर ग्राम गुरमा पहुंच गए हैं। हाथियों के दोनों ही दल ने संबंधित क्षेत्रों में फसल को भी तहस-नहस किया है, जिसका आंकलन विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस बीच कोरबा वनमंडल में भी जंगल से होकर गुजरे बिजली के लूज तारों का सर्वे शुरू कर दिया गया है। पीसीसीएफ के निर्देशानुसार डीएफओ पी. अरविंद ने सभी रेंज के अफसरों को क्षेत्र के जंगलों में लूज विद्युत तारों की सूची बनाकर तत्काल सौंपने को कहा है, ताकि बिजली विभाग को इसकी जानकारी देकर तत्काल इन तारों को दुरुस्त कराया जा सके और क्षेत्र में विचरणरत हाथियों को संभावित नुकसानी से बचाया जा सके। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में करंट प्रवाहित लूज तार के संपर्क में आने से एक दंतैल की मौत के बाद सर्वे का आदेश जारी किया गया है। अधिकारियों के आदेशानुसार कोरबा वनमंडल के बालकोनगर, लेमरू, कुदमुरा, कोरबा, पसरखेत तथा करतला में वन विभाग का स्टाफ सर्वे में जुटा हुआ है। कटघोरा वनमंडल में पहले ही ऐसे तारों की सूची बनाई जा रही हैं।

## एनटीपीसी ने कोयला के उत्पादन और प्रेषण क्षेत्र में दर्ज की उल्लेखनीय वृद्धि

-संवाददाता-
कोरबा,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।
भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 में नवंबर के अंत तक अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला प्रेषण में पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 90त्न की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में 30 नवंबर तक 23.12 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 12.17 एमएमटी रहा। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक, एनटीपीसी ने अपनी चार परिचालन कैप्टिव कोयला खदानों यानी झारखंड में पकरी बरवाडीह और चट्टी-बरियातु कोयला खदानों, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान से 91 एमएमटी से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए, एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कठोर सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है। इन पहलों ने संचालन को अनुकूलित करने, उत्पादकता बढ़ाने और कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर**
**जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ क्यू/ब-121/2022-23
दिनांक- 06/11/2023

**ईश्तहार**

आवेदक मिथलेश कुमार साहू पिता रामनन्दन साहू जाति तेली निवासी सूरजपुर ग्राम सूरजपुर प0ह0नं0 ... तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर(छ.ग.) ने पिता रामनन्दन साहू पिता कृष्ण कुमार साहू मृत्यु दिनांक 18/12/2001 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05/12/2023 दिन मंगलवार को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवु पदमुद्रा से आज दिनांक 06/11/2023 को जारी किया गया।

सील — तहसीलदार सूरजपुर,छ0ग0

## बैडमिंटन खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हुए शामिल

-संवाददाता-
कोरबा,02 दिसंबर 2023 (घटती-घटना)।
बिलासपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में आयोजित 22वीं राज्य सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने की जीत हासिल। पुरुष एकल प्रतियोगिता का फाइनल रायपुर के रौनक चौहान और कोरबा के हर्षित ठाकुर के बीच




खेला गया। जिसमे हर्षित विजेता बने। हर्षित ने बैडमिंटन की दुनिया में एक असाधारण रास्ता बनाया है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी कहानी लचीलेपन और दृढ़ संकल्प ही है, जो अनेक बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।

हर्षित ठाकुर को एनटीपीसी कोरबा की नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत (सीएसआर) प्रशिक्षित किया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित हर्षित ठाकुर ने हाल ही में 24 से 29 नवंबर 2023 तक चंडीगढ़ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। हर्षित ठाकुर ने कहा, ÷मैं और मेरी टीम अब जनवरी 2024 में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई हो गए हैं। उन्होंने कहा,मैं एनटीपीसी कोरबा द्वारा दिए गए समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हूं।



# इंडिया ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां टी 20 मुकाबला आज

» ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टी 20 में अय्यर-चाहर पर निगाहें

» वाशिंगटन को भी मिल सकता है मौका

**बेंगलुरु,02 दिसम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम अब रविवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांचवां और आखिरी टी20 मुकाबला खेलेगी। वहीं इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को ध्यान में रखकर श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर को मौका मिल सकता है। जिसके बाद उनके प्रदर्शन पर ध्यान दिया जाएगा।

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 दिसंबर से टी20 सीरीज खेलनी है जिसमें अय्यर और चाहर की भूमिका अहम होगी। अय्यर ने वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रायपुर में शुक्रवार को उन्होंने पिछले एक साल से भी अधिक समय में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। इस मैच में उन्होंने सात गेंद का सामना करके आठ रन बनाए जिनमें कोई बाउंड्री शामिल नहीं है। इसलिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले अय्यर चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कुछ दिन पहले ही वनडे विश्व कप में इस मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ शतक लगाया था। अय्यर की तरह चाहर ने भी चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है।

रायपुर में खेला गया मैच उनका टी20 प्रारूप में भारत की तरफ से पिछले साल अक्टूबर के बाद पहला मैच था। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट के विकेट लेकर प्रभाव डाला, लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर के कोटे में 44 रन दिए। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच उनके अनुकूल नहीं हो सकती है लेकिन अपनी विविधता पूर्ण गेंदबाजी के कारण चाहर सफलता हासिल कर सकते हैं।



दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले टीम प्रबंधन ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को भी इस मैच में मौका दे सकता है। वाशिंगटन भी पिछले कुछ समय से चोटों से परेशान रहे हैं। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है जिन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। भारत की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, यशस्वी जयसवाल और इशान किशन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में किशन की जगह खेलने वाले जितेश शर्मा ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई ने अभी तक सात विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। उसकी टीम जीत के साथ श्रृंखला का अंत करके स्वदेश लौटना चाहेगी।

टीम इस प्रकार हैं- भारत- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान, मुकेश कुमार। ऑस्ट्रेलिया- मैथ्यू वेड (कप्तान), जेसन बेहरेनडोर्फ, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, क्रिस ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, बेन मैकडरमॉट, जोश फिलिप, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, केन रिचर्डसन।

## मोरक्को, पुर्तगाल,स्पेन ने 2030 फीफा विश्व कप होस्ट करने के लिए लगाई बोली

**जिनेवा ,02 दिसम्बर 2023।** फीफा ने घोषणा की कि 2030 विश्व कप के लिए मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए बोली लगाई है। फीफा ने कहा कि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। 2034 फीफा विश्व कप के लिए सऊदी अरब की बोली भी फीफा को प्राप्त हुई थी, और मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली,02 दिसम्बर 2023।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के उप कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल ने शनिवार को यहां कहा कि हाल में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम का हौसला बढ़ा हुआ है और उसे पांच दिसंबर से कुआलालंपुर में शुरू होने वाले जूनियर विश्व कप में बेहतर परिणाम की उम्मीद है। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच पांच दिसंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलेगी।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार अरिजीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा,''भुवनेश्वर में खेले गए पिछले विश्व कप के बाद भारतीय टीम ने काफी प्रगति की है। हमने सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप जीता तथा हाल में सुल्तान जोहोर कप में तीसरे स्थान पर रहे।'' उन्होंने कहा,'' इसलिए हम जूनियर विश्व कप जीतने में सक्षम हैं। यह सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करने से जुड़ा हुआ है।''



भारत को पूल सी में स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ रखा गया है। गत चैंपियन अर्जेंटीना को चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान मलेशिया के साथ पूल ए में रखा गया है। पूल बी में जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र, जबकि पूल डी में नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और पाकिस्तान को रखा गया है। भारत 2021 में भुवनेश्वर में खेले गए टूर्नामेंट में फ्रांस से हारने के कारण चौथे स्थान पर रहा था। दक्षिण कोरिया से खेलने के बाद 2016 के चैंपियन भारत का सामना सात दिसंबर को स्पेन और नौ दिसंबर को कनाडा से होगा।भारत को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूल सी में शीर्ष दो में रहना होगा। कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि भारतीय टीम पिछली बार की निराशा को भुलाकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,'' पिछली बार तीसरे स्थान के मैच में हम फ्रांस से हार गए थे लेकिन उसके बाद टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हम एक समय में एक मैच पर ध्यान देंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि इस बार हम पदक हासिल करने में सफल रहेंगे।

# रोहित शर्मा होंगे टी-20 और टेस्ट टीम के कप्तान

» साउथ अफ्रीका दौरे के लिए तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली,02 दिसम्बर 2023।** साउथ अफ्रीका दौरे के लिए तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। रोहित शर्मा को टी-20 और टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। वनडे टीम की जिम्मेदारी केएल राहुल को दी गई है। माना जा रहा है कि रोहित जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारतीय टीम की कमान संभालेंगे।

10 दिसंबर से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर टीम इंडिया को 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए टीम 6 दिसंबर को रवाना होगी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। उन्होंने खुद इन दो सीरीज से ब्रेक मांगा था।




### वनडे टीम में पाटीदार और सैमसन की वापसी

3 वनडे की सीरीज के लिए ऑलराउंडर रजत पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को चुना गया है। साथ ही सूर्यकुमार यादव को वनडे टीम से ड्रॉप किया गया है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को टीम में जगह नहीं दी गई है। पुजारा अफ्रीकी पिचों पर 10 टेस्ट में 535 रन बना चुके हैं। जबकि अजिंक्य रहाणे ने 6 टेस्ट मैचों में 402 रन बनाए हैं।

### साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है भारत

साउथ अफ्रीका में भारतीय टीम का टेस्ट प्रदर्शन खास नहीं रहा है। टीम इंडिया अब तक साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। टीम ने अफ्रीकी मैदानों पर अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली हैं। इनमें से एक ड्रॉ रही, जबकि 7 सीरीज में टीम इंडिया को पराजय का सामना करना पड़ा। टीम ने वहां 23 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से टीम को महज 4 में जीत मिली है, जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। शेष 12 मुकाबले में भारतीय टीम को पराजय का सामना करना पड़ा है।

# पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

**नई दिल्ली,02 दिसम्बर 2023।** स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज कारकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के



अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है।




# केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ

**कोच्चि ,02 दिसम्बर 2023।** केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा।जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की। जबकि जॉर्डन मरे ने 13 वें और 24 वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11 वें और 59 वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 38 वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

# टी 20 वर्ल्ड कप के लिए सभी 20 टीमें फाइनल, इस देश की टीम ने पहली बार किया क्वॉलिफाई

**दुबई ,02 दिसम्बर 2023।** युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है।

युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे।युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था।लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।





# सालार का दमदार ट्रेलर रिलीज

### जबर्दस्त एक्शन सी[ ंस के साथ धांसू अवतार में छाए प्रभास

प्रभास पिछले काफी समय से अपनी फिल्म सालारः पार्ट 1 सीजफायर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया है।एक ओर प्रशंसक फिल्म के सिनेमाघरों में आने का इंतजार कर रहे हैं तो इसकी रिलीज तारीख में कई बार बदलाव हो चुका है। अब आखिरकार इसका ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें प्रभास के शानदार अंदाज ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। आइए जानते हैं कि फिल्म का ट्रेलर कैसा है। सालार की कहानी दो दोस्तों वर्धराज (पृथ्वीराज सुकुमारन) और देवा (प्रभास) के इर्द-गिर्द घूमती है।इसमें दिखाया गया है कि देवा, वर्धराज के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार है, लेकिन बाद में दोनों एक-दूसरे के सबसे बड़े दुश्मन बन जाते हैं।ट्रेलर में प्रभास एक्शन अवतार में धांसू लग रहे हैं तो पृथ्वीराज ने अपने अभिनय से दिल जीत लिया है।इसके अलावा फिल्म में वीएफएक्स और एक्शन को भी शानदार तरीके से दिखाया गया है। बातचीत में निर्देशक प्रशांत ने बताया था कि दोस्ती की मूल भावना वाली इस फिल्म के पहले भाग में वे केवल आधी कहानी ही बताने वाले हैं। इन दोनों दोस्तों के इस सफर को 2 फिल्मों के जरिए दर्शकों के बीच लाया जाएगा। सालार में प्रभास और पृथ्वीराज के साथ श्रु ति हासन, जगपति बाबू, ईश्वरी राव, टीनू आनंद, श्रिया रेड्डी, माइम गोपी सहित कई शानदार सितारे शामिल हैं।इसके अलावा फिल्म में गदर 2 में दिखाई दी अभिनेत्री सिमरत कौर भी एक गाने में नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण विजय किरगंदूर ने अपने होम्बले फिल्म्स बैनर के तले किया है, जो केजीएफ और कंतारा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। प्रभास की यह फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। सालार पहले 28 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम पूरा न होने के चलते तारीख को आगे बढ़ा दिया गया।इसके बाद 22 दिसंबर की तारीख तय हुई, जिस दिन शाहरुख खान की फिल्म डंकी भी रिलीज होनी है।ऐसे में खबरें आने लगीं कि निर्माता एक बार फिर रिलीज तारीख में बदलाव करने का विचार बना रहे हैं। हालांकि, ऐसे नहीं हुआ और अब दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी।




# कैसे मुझे तुम मिल गए में अरिजीत तनेजा के साथ काम करना खुशी का एहसास हैं:सृति झा

शो कैसे मुझे तुम मिल गए में अमृता के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस सृति झा ने अरिजीत तनेजा के साथ अपनी दोस्ती के बारे में खुलासा किया और कहा कि वे सिर्फ को-स्टार्स नहीं बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी दोस्ती और केमिस्ट्री स्क्रीन पर भी बेहतरीन दिखाई देगी। कैसे मुझे तुम मिल गए दो अलग-अलग किरदारों, अमृता और विराट के बीच की लव-स्टोरी है, जिन्हें क्रमशः सृति और अरिजीत ने निभाया है। सृति ने कहा, कैसे मुझे तुम मिल गए का हिस्सा बनना एक रोमांचक अनुभव है और जी टीवी सबसे लंबे समय तक एक घर जैसा रहा है, चैनल पर वापस आना मेरे लिए घर वापसी जैसा है।उन्होंने कहा, अरिजीत के साथ काम करना शानदार है। हम सिर्फ को-स्टार नहीं हैं, बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारी दोस्ती और केमिस्ट्री स्क्रीन पर भी बेहतरीन दिखेगी।सृति ने कहा, मेरा मानना है कि अमृता का किरदार बहुत अच्छे से लिखा गया है। पहले एपिसोड की शुरुआती प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है और दिल्ली में अविश्वसनीय प्यार देखने के बाद, मैं बहुत खुश महसूस कर रही हूं।

# भूमि पेडनेकर की थैंक यू फॉर कमिंग ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक

भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'थैंक्यू फ़ॉर कमिंग' इस साल 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस सेक्स कॉमेडी फिल्म में भूमि के अलावा, शहनाज़ गिल, डॉली सिंह सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया था. ये फिल्म रिया कपूर के पति करण बुलानी के निर्देशन की पहली फिल्म थी. हालांकि 'थैंक्यू फ़ॉर कमिंग' बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई थी. वहीं अब थिएट्रिकल रिलीज के बाद ये फिल्म ओटीटी पर भी रिलीज हो गई है. चलिए जानते हैं भूमि पेडनेकर स्टारर इस फिल्म को किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कब और कहां देख सकते हैं?



'थैंक्यू फ़ॉर कमिंग' की थिएट्रिकल रिलीज के कुछ महीनों बाद थैंक यू फॉर कमिंग ओटीटी पर लिजी हो गई है. इस फिल् में भूमि पेडनेकर, शहनाज़ गिल, डॉली सिंह, कुशा कपिला, शिबानी बेदी, प्रधुम्न सिंह, नताशा रस्तोगी, सुशांत दिवगीकर, डॉली अहलूवालिया, करण कुंद्रा ने अभिनय किया है. जो लोग इस सेक्स कॉमेडी फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे वे अब घर बैठे इसे एंजॉय कर सकते हैं. 'थैंक्यू फ़ॉर ये फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए अवेलेबल है.

# आज होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

» चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना

» 90 रिटर्निंग अधिकारी, 416 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 4596 गणनाकर्मी एवं 1698 माईक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त

**रायपुर, 02 दिसम्बर 2023 (ए)।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधानसभा चुनाव 2023 के लिए रविवार सुबह 8 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अफ्सरों व कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने शनिवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि-प्रत्येक हॉल में मतगणना हेतु 07-07 के कुल 14 टेबल+रिटर्निंग अधिकारी मेज सहित डाक मतपत्रों की गणना की मेज होगी। (21 टेबल की स्वीकृति 06 विधानसभा-पंडरिया, कवर्धा, सारंगढ़, बिलाईगढ़, कसडोल एवं भरतपुर-सोनहत में प्राप्त हुई है)। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों / गणना एजेंटों तथा रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा गणना में लगे कर्मचारियों के लिए अलग-अलग पृथक प्रवेश द्वार होंगे। सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचक एजेंटो को पहचान पत्र जारी किये गये हैं। सभी से अनुरोध है कि अपने परिचय पत्र के साथ ही मतगणना हॉल में प्रातः 07 बजे तक प्रवेश करें ताकि असुविधा न हो।

मतगणना परिसर में मीडिया सेन्टर और कम्युनिकेशन सेन्टर में मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी, लेकिन मतगणना हॉल में मोबाईल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### तीन लेयर की सुरक्षा

मतगणना केन्द्रों में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्र की जांच उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केन्द्रों के पहले और बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती होगी, जहां से 100 मीटर का क्षेत्र पैदल यात्री क्षेत्र होगा। मतगणना परिसर में प्रवेश के लिए 01 प्रवेश द्वार की विधिवत बैरिकेडिंग की जाएगी। किसी भी वाहन को पैदल यात्री क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रवेशकर्ताओं की पहचान की जांच करने के लिए 01 वरिष्ठ मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त स्थानीय पुलिस बल की व्यवस्था होगी। फोटो आईडी कार्ड वाले व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

### मोबाइल आदि प्रतिबंधित

दूसरे स्तर में राज्य सशस्त्र बल की तैनाती होगी। प्रवेश के पूर्व प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पत्र के आधार पर जांच व तलाशी की जाएगी, ताकि कोई भी मोबाईल और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश न करें।

तीसरे स्तर में मतगणना हॉल के दरवाजे में केन्द्रीय पुलिस बल मौजूद रहेगा। इस स्तर पर भी सभी की तलाशी ली जाएगी, ताकि कोई भी मोबाईल और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश न करें।

### हॉल में केवल इन्हें प्रवेश की अनुमति

रिटर्निंग अधिकारी/हायक रिटर्निंग



अधिकारी के अलावा मतगणना प्रेक्षक, मतगाना सहायक एवं माईको आर्ब्जवर,निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत आक्ति एवं आब्जर्वर, निर्वाचन के संबंध में बूटी पर तैनात लोक सेवक,अभ्यर्थी, उनका निर्वाचन अभिककर्ता तथा गणना अभिकर्ता।

आयोग के नवीनतम अनुदेशों के अनुसार केन्द्र तथा राज्यों के मंत्री, राज्यमंत्री तथा उपमंत्री, नगर निगम के मेयर नगर पंचायत/नगर पालिका के अध्यक्ष जिला/जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य सुरक्षा प्राप्त कर्मियों को गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक किये जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना हॉल में किसी भी सुरक्षाकर्मी को रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति की बिना अन्दर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्रों पर अभयर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था का क्रम निम्न अनुसार होगा।

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता। मान्यता प्राषा राज्यी दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता। अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता जिन्हें निर्वाचन क्षेत्र में अपने आरक्षित प्रतीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है। पंजीकृत-अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता। निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता। किसी भी गणना अभिकर्ता को हॉल में अपने मेज से अभय मेज पर जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना एवं सारणीकरण की समस्त प्रक्रिया की पौडियोकी होगी। मतगणना हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण गुटखा सिगरेट के साथ प्रश की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक गणना अभिकर्ता के दिन अभ्यर्थी के मतदान अभिकर्ता को मतदान दिवस के दिन चीतासीन अधिकारीद्वारा दिमाग एक को कर आए।

### गणना की शुरूआत

मतदान की गोपनीयता अनेक 128 के प्रावधानों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया जाएगा।

मतगणना समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। मतगणना हॉल में प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सबसे पहले डाकमत पत्र की गणना की जाएगी। डाक मतपत्र की गिनती प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गिनती होगी। विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम में डाले गए मतों की प्रत्येक चरण में 14 टेबल पर गणना होगी। (21 टेवल की स्वीकृति 6 विधानसभा-पंडरिया, कवर्धा, सारंगढ़, बिलाईगढ़, कसडोल एवं भरतपुर-सोनहत)। मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं रिटर्निंग ऑफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसे बाहर भेजा जा सकता है।

### ऐसे होगी गणना


मतगणना पर्यवेक्षक ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों/गणना अभिकर्ता को कन्ट्रोल यूनिट कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित करेगा ताकि आंकड़ों को सभी नोट कर सकें। प्रतयेक गणना अभिकर्ता को प्रारूप 17 सी का भाग-2 मतगणना के प्रत्येक चरण में दिया जाएगा एवं उसकी पावती ली जाएगी। यदि किसी गणना अभिकर्ता की इच्छा परिणाम की ईवीएम पर एक या एक से अधिक दिखाये जाने की हो तो ऐसा मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा गणना अभिकर्ता की संतुष्टि के लिए किया जाएगा। रैंडम रूप से चयनित 5 मतदान केन्द्रों की वीवीपैट कागज की पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन ईवीएम में दर्ज मतों की गणना के अंतिम चरण के होरा होने के बाद होगा। मतदान केन्द्रों का चयन रिटर्निंग आफ्सिर के द्वारा ड्रा के माध्यम से प्रेक्षक, अभ्यर्थियों, अभिकर्ताओं की मौजूदगी में किया जाएग। रिटर्निंग आफ्सिर विधानसभ क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना उपरांत प्रेक्षक की अनुमति उपरांत परिणामों की विवरणी तैयार करने के उपरांत परिणाम की घोषणा करेगा एवं निर्वाचित अभ्यर्थी को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान करेगा।

# सीएम बघेल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

» ऑनलाइन बैटिंग से जुड़े अकाउंट्स को लेकर की ये मांग

» ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग से जुआ और सट्टे के कारोबार का देशव्यापी विस्तार

» संचालक और मालिक विदेश से इस अवैध कारोबार का संचालन कर रहे





**रायपुर,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है जिसमें महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप समेत तमाम ऐसे अवैध कारोबार से जुड़े सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के अकाउंट पर बैन लगाने की मांग की है। साथ ही छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से अब तक की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया गया है। इस लेटर को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ समय से ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग के माध्यम से जुआ और सट्टे के कारोबार का देशव्यापी विस्तार हुआ है। इसके संचालक और मालिक विदेश से इस अवैध कारोबार का संचालन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य की पुलिस शुरू से ही इस अवैध कारोबार के संबंध में कड़ी कार्रवाई कर रही है। कई आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी परिसंपत्तियां जब्त की गई है।

### 450 से ज्यादा की गिरफ्तारी

सीएम बघेल ने पत्र में जानकारी दी है कि मार्च 2022 से अब तक 90 से ज्यादा आपराधिक प्रकरण छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज किए हैं। वहीं, इन मामलों में 450 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर बैंक खातों में 16 करोड़ रुपये फ्रीज कराए जा चुके हैं। कई लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। मुख्य आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किए हैं। ये भी बताया है कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने दूसरे राज्यों में जाकर भी कार्रवाई की है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ से अब इनका संचालन पूरी तरह से बंद हो चुका है।

### आईटी डिपार्टमेंट को पत्राचार, गूगल से कराया रिमूव

सीएम ने ये भी बताया है कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने 80 से ज्यादा ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म, यूआरएल, लिंक और एपीके को निलंबित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार को पत्राचार भी किया है। साथ ही गूगल से भी पत्राचार कर इस अवैध कारोबार में संलिप्त महादेव एप को प्ले स्टोर से रिमूव कराया गया है।

### केंद्र से ही रोक लगाना संभव

पीएम को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने आगे कहा है कि इस अवैध कारोबार में अंतरराष्ट्रीय व देशी मोबाइल नंबरों, ईमेल आईडी, टेलीग्राम, वाट्सएप, यूआरएल लिंक, इंस्टाग्राम, एपीके फाइल आदि की पहचान कर उन पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इन पर केंद्र स्तर पर ही एक्शन लिया जा सकता है। वे अपनी शक्ति का प्रयोग कर इन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए, ताकि देश के करोड़ों लोगों को इस अवैध कारोबार के शिकंजे में फंसने से बचाया जा सके।




# निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा-कांग्रेस पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

### हाईकोर्ट में लगाई याचिका

**रायपुर,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के 90 सीटों के लिए 17 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के बाद विधानसभा का चुनाव संपन्न हो गया है। 3 दिसंबर यानि रविवार को मतगणना होगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव प्रचार के लिए सभी पार्टी के प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंकने के बाद अब चुनाव परिणाम का इंतजार कर रहे है। चुनाव प्रचार के बीच लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करने का सिलसिला भी जारी रहा जिसमें भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों ने घोषणा पत्र जारी कर आम जनता को बेहतर जिंदगी देने के वायदे किए हैं।

इस बार विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाने के लिए कई क्षेत्रों में निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरे थे । उन्हीं में से एक निर्दलीय प्रत्याशियों ने राजनीतिक पार्टियों पर जमकर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा कर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर विधानसभा चुनाव रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि आचार संहिता के बाद मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं नियमों का उल्लंघन है।

रायगढ़ के निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा ने दायर याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने जिस दिन विधानसभा चुनाव 2023 की अधिसूचना जारी की, उसी दिन से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसके बाद कांग्रेस-बीजेपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने किसानों को कर्ज माफी, बेरोजगारों को रोजगार देने, महिलाओं को नगद राशि और मुफ्त गैस सिलेंडर देने की घोषणा कर मतदाताओं को प्रलोभन दिया है। यह चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन है।

आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस तरह की घोषणाएं नहीं की जा सकती। याचिका में मांग की गई है कि भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य चुनाव आयुक्त को भी पद से हटाकर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए साथ ही कांग्रेस और भाजपा की राजनीतिक दल की मान्यता रद्द की जाए। याचिका पर सुनवाई के संबंध में अभी कोई निर्णय कोर्ट ने नहीं लिया है।

# नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आकर दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा-रायपुर,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** पीएलजी सप्ताह की 2×वीं वर्षगांठ मनाते हुए नक्सलियों ने दंतेवाड़ा के बारसून-पल्ली मार्ग में भारी मात्रा में बैनर-पोस्टर लगाया था। इसकी जानकरी मिलने पर सीआरपीएफ के जवान पेट्रोलिंग पर निकले थे कि इसी दौरान वे आईईडी की चपेट में आकर घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।



नक्सली दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह की 2×वीं वर्षगांठ मनाने बारसूर, पल्ली मार्ग पर बड़ी तादात में बैनर पोस्टर लगाए थे। यहीं बैनर पोस्टर वाली जगह पर नक्सलियों ने प्रेशर आइईडी में लगा रखी थी जिसकी चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं।

नक्सली अक्सर जवानों को फंसाने के लिए जहां बैनर पोस्टर लगाते हैं, वहां आइईडी भी लगाते हैं। नक्सलियों को ये मालूम होता है जवान बैनर पोस्टर निकालने जरूर आएंगे। नक्सली इस क्षेत्र में हफ्ते भर में दूसरी वारदात को अंजाम देने में कामयाब हुए है। दो दिन पहले ही इसी क्षेत्र में मोबाइल टावर के जनरेटर में आगजनी की थी। साथ जिले के भांसी थाना क्षेत्र में भी 14 वाहनों में आगजनी कर दी थी। नक्सली पीएलजीए सप्ताह को लेकर जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में बैनर-पोस्टर लगा पीएलजीए सप्ताह मनने का आह्वाहन कर रहे हैं।

# आईपीएस करेंगे 3 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच

### लूट की वारदात को चोरी का मामला बनाया

**बिलासपुर,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** न्यायधानी में महिला से लूट के मामले में पुलिस की लापरवाही को आईजी अजय यादव ने गंभीरता से लिया है। लूट की शिकार महिला जब थाने में शिकायत दर्ज करवाने पहुंची तो लूट की जगह चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। न तो सीसीटीव्ही खंगाले गए न ही घटनास्थल पर किसी प्रत्यक्षदर्शी का बयान ही लिया गया। शिकायत के बाद भड़के आईजी अजय यादव ने नगर कोतवाल समेत दो एएसआई के खिलाफ जांच के निर्देश आईपीएस पूजा कुमार को दिए हैं।




मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 नवंबर की है। तेलीपारा आरके बूट हाउस गली नंबर 3 निवासी 47 वर्षीय अलका गुप्ता पिता चंद्र प्रकाश गुप्ता सूर्या होटल के पीछे कश्यप कॉलोनी से ट्यूशन पढ़कर पैदल घर वापस आ रही थी। जब अपने घर की गली गली नंबर 3 के पास शाम करीब 5:45 बजे पहुंची थी तब एक्टिवा में सवार तीन लोग आए उनमें से एक युवक ने महिला के कंधे में लटके हैंड बैग पर्स को छीन लिया और फरार हो गए महिला ने तत्काल घटना की शिकायत कोतवाली थाने में पहुंचकर दर्ज करवाई।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके बैग में मोबाइल पर्स, चश्मा, डायरी, अलमारी की चाबी थी। पुलिस ने लूट की बात बताने के बाद भी पीड़िता से आवेदन लेकर चोरी की धारा 379, 34 के तहत कार्यवाही की औप चारिकता पूरी कर ली। कोतवाली पुलिस के अनुसार घटना में बल प्रयोग नहीं हुआ है इसलिए चोरी की धारा जोड़ी गई। मामले में शिकायत मिलने के बाद आईजी अजय यादव ने टीआई से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। आईजी के स्पष्टीकरण मांगने पर बल प्रयोग नहीं होने के चलते चोरी की धारा जोड़ने जैसी तथ्यहीन जवाब दिए गए। जिससे नाराज आईजी ने मामले की केस डायरी परीक्षण कर अवलोकन किया।

# अपराधियों के यहां चलेगा बुलडोजर:अरुण साव

**रायपुर,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का दावा किया है। अरुण साव ने कहा, जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है. भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा. साव ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, सरकार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। साव ने कहा, हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा पेश की है. पूर्ण बहुमत मिलेगा, हमें अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। अरुण साव ने कहा, हमारी सरकार आई तो क्राइम करप्शन, कानून व्यवस्था पर खलल डालने वाले को नहीं छोड़ेंगे। कानून का बुलडोजर जरूर चलेगा। आज का दिन ऐतिहासिक होने वाला है. कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। जनता को कुशासन से छुटकारा मिले वो घड़ी आने वाली है। आज की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने वाला है. भाजपा की सरकार बनने वाली है. छत्तीसगढ़ आगे बढ़ेगा।






# दुर्ग के बहुचर्चित हत्याकांड में बिलासपुर हाईकोर्ट ने आरोपी संदीप जैन की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदली



### रावलमल जैन हत्याकांड में हत्यारे बेटे आजीवन कारावास, दो सह-अभियुक्त बरी

**दुर्ग,02 दिसम्बर 2023 (ए)।** दुर्ग जिले का बहुचर्चित हत्याकांड में बिलासपुर हाईकोर्ट ने आरोपी संदीप जैन की फांसी की सजा आजीवन कारावास में बदल दी। वहीं इसी 5मामले में दो सह अभियुक्त शैलेंद्र और गुरु दत्ता की 5-5 साल की सजा को बदलकर उन्हें दोष मुक्त कर दिया है।

गौरतलब है कि एक जनवरी 2018 को संदीप जैन ने दुर्ग के गंजपारा स्थित मकान में अपने पिता रावल मल जैन और मां सुरजा बाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह मामला उस समय छत्तीसगढ़ का काफी हाई प्रोफाइल और सबसे चर्चित था।

### हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका

इस मामले में दुर्ग जिला कोर्ट ने संदीप जैन को फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ संदीप के वकील ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई। याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार 1 दिसंबर को हाईकोर्ट ने मुख्य अभियुक्त संदीप जैन की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है।

### संपत्ति से बेदखल करने की दे रहे थे धमकी

पुलिस की पूछताछ में आरोपी संदीप ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता रावल मल जैन पुरानी रूढ़ीवादी विचारधारा के थे। उनको उसके महिला मित्रों से मिलना पसंद नहीं था। वे कई बार उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करने की धमकी भी दे चुके थे। इससे व्यथित होकर उसने अपने पिता को मारने की साजिश रची थी।

### खरीद कर लाया था देसी पिस्टल

आरोपी संदीप जैन ने पिता की हत्या करने के लिए एक देसी पिस्टल और कारतूस खरीदा था। देसी पिस्टल और कारतूस कालीबाड़ी दुर्ग निवासी भगत सिंह गुरूदत्ता (47 वर्ष) और गुरूनानक नगर दुर्ग निवासी शैलेंद्र सागर (47 वर्ष) ने बेचा था। इसलिए मामले में दोनों आरोपियों को जिला न्यायालय ने पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जिसे हाईकोर्ट ने बदलकर उन्हें दोषमुक्त कर दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)